Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَّاٰخَرِيْنَ مِنْهُمْ لَمَّا يَلْحَقُوْا بِهِمْ ۭ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۴ ذٰلِكَ فَضْلُ اللّٰهِ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَاۗءُ ۭ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ۵

(जुमा : 4-5)

(अनुवाद) : और उन्ही में से अन्य लोगों की ओर भी (उसे अवतरित किया है) जो अभी उनसे नहीं मिले हैं। वह सर्वशक्तिमान (और) सर्व-बुद्धिमान है। यह अल्लाह की उदारता है, वह जिसे चाहता है उसे प्रदान करता है, और अल्लाह बड़ा दयालु है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 9
अंक-11-12

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

3-10 शाबान 1445 हिज्री कमरी, 14-21 अमान 1403 हिज्री शम्सी, 14-21 मार्च 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

बुज़ुर्गों की नज़र में हज़रत ईमाम महदी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का स्थान और गरिमा

ईमाम महदी का अंतरमन हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का अंतरमन होगा

हज़रत ईमाम अब्दुल् रज़्ज़ाक शाफ़ी रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं :

"ईमाम महदी जो अंतिम युग में आएंगे वह शरियत के नियमों में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अधीन होगा, और ज्ञान में वास्तव में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सिवाए समस्त अंबिया और ओलिया उनके अधीन होंगे ... क्योंकि ईमाम महदी का अंतरमन हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का अंतरमन होगा।

(शरह फ़सूस अल् हकम मत्बा मुस्तफ़ा अल्बाबी अल् हजली, पृष्ठ 42, 43)

ईमाम महदी व मसीह मौऊद में सय्यदुल मुर्सेलीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अनवार का प्रतिबिंब होगा

हज़रत शाह वली उल्लाह मोहद्दिस देहलवी रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं :

"उम्मत-ए-मुहम्मदिया में आने वाले मसीह मौउद का यह अधिकार है कि उस में सैय्यदुल मुर्सेलीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अनवार का प्रतिबिंब हो। आम लोग यह सोचते हैं कि जब वह मौउद दुनिया में आएंगे, तो उनकी स्थिति सिर्फ एक उम्मती की होगी, यह कदापि नहीं, बल्कि वह तो मोहम्मद के नाम की पूरी व्याख्या होगा और उसीका दूसरा संस्करण होगा। अतः उसके और एक ईमाम उम्मती के बीच बहुत बड़ा अंतर है"।

(अल् खेरुल कसीर अज़ हज़रत शाह वली मोहददिस देहलवी, पृष्ठ 72, मदीना प्रेस बिजनोर)

ईमाम महदी व मसीह मौऊद का समस्त अंबिया से संबंध

हज़रत ईमाम बाकिर रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं :

"जब ईमाम महदी आएगा तो यह एलान करेंगे कि हे लोगों! यदि तुम में से कोई इब्राहीम अलैहिस्सलाम और इस्माईल अलैहिस्सलाम को देखना चाहता है तो सुन ले कि मैं ही इब्राहीम अलैहिस्सलाम और इस्माईल अलैहिस्सलाम हूं। और यदि तुम में से कोई मूसा अलैहिस्सलाम और ईसा अलैहिस्सलाम को देखना चाहे, तो सुन ले कि मैं ही मूसा अलैहिस्सलाम और ईसा अलैहिस्सलाम हूं, और यदि तुम में से कोई ईसा अलैहिस्सलाम और मशऊन को देखना चाहता है तो सुन ले कि ईसा अलैहिस्सलाम और मशऊन मैं ही हूँ। और यदि तुम में से कोई मुहम्मद मुस्तफा मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और अमीरुल मोमिनीन (अली रज़ियल्लाहु अन्हो) को देखना चाहता है, तो सुन ले कि मुहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) और अमीरुल मौमेनीन मैं ही हूँ।

(बिहारुल अन्वार, भाग नंबर 53, बाब मा यकूनू इंदा ज़हूरोहू अलैहिस्सलाम)



जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का महान स्थान और गरिमा

क़ुरआन-ए-मजीद, अहादीस, और पवित्र पुस्तकों की भविष्यवाणियों के अनुसार अल्लाह तआला ने सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को चौधवीं सदी के आरंभ में जो कि इंतेहाई अंधकार और कुफ़्र-ओ-ज़लालत का युग था ईमाम मह्दी और मसीह मौऊद बना कर अवतरित फ़रमाया। आपका महान मिशन क़ुरआन-ए-मजीद इन शब्दों में वर्णन करता है :

لِيُظْهِرَهٗ عَلَى الدِّيْنِ كُلِّهٖ (सूरः अल् सफ़) अर्थात दुनिया के समस्त धर्मों पर इस्लाम को ग़ालिब करना और आँहज़रत आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने स्वयं महान मिशन इन अल्फ़ाज़ में वर्णन फ़रमाया :

لَوْ كَانَ الْاِيْمَانُ عِنْدَ الثُّرَيَّا لَنَالَهٗ رَجُلٌ اَوْ رِجَالٌ مِنْ هٰؤُلَاءِ

अर्थात ईमान यदि ज़मीन से उठ कर सुरय्या सितारे पर भी चला गया हो तो ईमाम मह्दी पुनः उसे ज़मीन पर क़ायम कर देगा। उपर की आयत और हदीस हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के महान मन्सब और मुक़ाम पर दलालत करती है। एक इन्सान के ख़्यालात को तबदील करना भी एक मुश्किल काम है या यह कि पूरी दुनिया के ख़्यालात बदल दिए जाएं। लेकिन इस्लाम का ख़ुदा जब किसी काम का इरादा कर लेता है तो वह हो कर रहता है। उसके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं। जिस ने इस्लाम को एक थोड़े समय में पूरी दुनिया में फैला दिया था, वह आज भी ताक़त रखता है कि दुनिया के ख़्यालात को तुरंत बदल दे। वह चाहे तो पूरी कायनात में, कायनात के चप्पे चप्पे में तौहीद की हवा चला दे। वह चाहे तो तौहीद की इस तार को छेड़ दे जो हर दिल में और हर फ़ित्रत में दबी हुई है और अपनी मुहब्बत, ख़ालिक़ व मालिक की मुहब्बत में बनीनौ इन्सान को ऐसा गिरफ़्तार कर दे कि वे दीवाना-वार भाग कर उसके आस्ताना पर गिरने लगीं। इस्लाम के ख़ुदा में, हाँ सिर्फ और सिर्फ इस्लाम के ख़ुदा में यह ताक़त है وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ।

और इसके लिए अर्थात पूरी दुनिया में इस्लाम के ग़लबा की मिशन की तकमील के लिए अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद मह्दी माहूद अलैहिस्सलाम को अवतरित फ़रमाया। आप अलैहिस्सलाम ने उस का बीज बो दिया, यह पौधा अब बढ़ रहा है, फल फूल रहा है और दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में इस की शाख़ें फैल गई हैं अल्हम्दो लिल्लाह। आप अलैहिस्सलाम की आमद और आप अलैहिस्सलाम पर ईमान लाना किस क़दर ज़रूरी है इस ताल्लुक़ में चंद आदेश आप अलैहिस्सलाम के निम्न में प्रस्तुत हैं। सय्यदना हज़रत ईमाम मह्दी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं :

ऐसे समय में मैं ज़ाहिर हुआ हूँ कि जब कि इस्लामी अक़ीदे इख़्तेलाफ़ात से भर गए थे। और कोई अक़ीदा इख़्तेलाफ़ से ख़ाली नहीं था मेरे लिए ज़रूरी नहीं था कि मैं अपनी हक़्क़ीत की कोई और दलील पेश करूँ क्योंकि ज़रूरत ख़ुद दलील है।

(ज़रूतुल् ईमाम, रूहानी ख़ज़ायन भाग 13 पृष्ठ 495)

आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया :

ख़ुदा-ए-तआला ने इस ज़माना को अंधकार में पा कर और दुनिया को ग़फ़लत और कुफ़्र और शिर्क में डूबी देखकर ईमान और सिदक़ और तक़्वा और रास्त बाज़ी को नष्ट होते हुए देख करके मुझे भेजा है ताकि वह दुबारा दुनिया में इलमी और अमली और अख़लाक़ी और ईमानी सच्चाई को क़ायम करे।

(आईना कमालात-ए-इस्लाम, रूहानी ख़ज़ायन भाग 5 पृष्ठ 251)

फ़रमाया मैं समस्त उन लोगों के लिए भेजा गया हूँ जो ज़मीन पर रहते हैं चाहे वे एशिया के रहने वाले हैं और चाहे योरप के और चाहे अमरीका के।

(तिरयाकुल क़ुलूब, रूहानी ख़ज़ायन भाग 15 पृष्ठ 515)

आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं अगर तुम ईमानदार हो तो शुक्र करो और शुक्र के सजदात बजा लाओ कि वह ज़माना जिसका इंतेज़ार करते करते तुम्हारे बुज़ुर्ग पूर्वज गुज़र गए और बेशुमार रूहें उसके शौक़ में ही सफ़र कर गईं वह वक़्त तुमने पा लिया। अब उसकी क़दर करना या न करना और इस से फ़ायदा उठाना या न उठाना तुम्हारे हाथ में है। मैं उसको बार-बार वर्णन करूँगा और इसके इज़हार से मैं रुक नहीं सकता कि मैं वही हूँ जो वक़्त पर इस्लाह ख़लक़ के लिए भेजा गया ता दीन को ताज़ा तौर पर दिलों में क़ायम कर दिया जाए।

(फ़तह इस्लाम, रूहानी ख़ज़ायन भाग 3 पृष्ठ 8)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का यह इरशाद हमें दावत-ए-फ़िक्र देता है कि हमने जो मसीह मौऊद का ज़माना पाया, हम इस महान मिशन और महान सिलसिला की तरक़्क़ी और इशाअत के लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं या नहीं? या सिर्फ चंदों में कुछ रुपय देकर अपने आपकी समस्त ज़िम्मेदारियों से अलग समझते हैं। सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के महान मुक़ाम-ओ-मर्तबा के मुताल्लिक़ निम्न में कुछ बाते प्रस्तुत हैं :

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ

क्रम	विषय सूची	पृष्ठ
1	बुज़ुर्गों की नज़र में हज़रत ईमाम महदी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का स्थान और गरिमा	1
2	सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का महान स्थान और प्रतिष्ठा	2
3	ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 02 फ़रवरी 2024 ई.	3
4	ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 09 फ़रवरी 2024 ई.	9
5	हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जीवनी क़ुरआन की प्रतिष्ठा की रोशनी में	15
6	जमात अहमदिया का रोशन मुस्तक़बिल हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और खुल्फ़ा-ए-कराम के उपदेशों की रोशनी में	20

सूरः जुमा में وَاٰخَرِيْنَ مِنْهُمْ के शब्दों में जो हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पुनः आने की भविष्यवाणी की गई है वह दरअसल मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हैं। अर्थात आप की बेअसत बरूज़ी और ज़िल्ली तौर पर मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की आमद है। आप अलैहिस्सलाम का आना मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का आना है :

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "मैं इस आयत के कारण وَاٰخَرِيْنَ مِنْهُمْ...बरूज़ी तौर पर वही नबी ख़ातमन अम्बिया हूँ, और ख़ुदा ने आज से बीस वर्ष पहले बराहीन-ए-अहमदिया में मेरा नाम मुहम्मद और अहमद रखा है और मुझे आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का ही वजूद क़रार दिया है।"

(एक ग़लती का इज़ाला, रूहानी ख़ज़ायन भाग : 18)

अतः जिसके वजूद को अल्लाह तआला ने ज़िल्ली और बरूज़ी तौर पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का वजूद क़रार दिया निसन्देह उसका मुक़ाम-ओ-मर्तबा बहुत ही महान् होगा। यहां पर हम निहायत संक्षिप्त रूप में निवेदन कर दें कि सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी लेखनी में बार-बार इस बात का इज़हार फ़र्मा दिया है कि आप अलैहिस्सलाम का जो भी स्थान और गरिमा है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पूर्ण अनुसरण और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से कमाल-ए-इश्क़-ओ-मुहब्बत के कारण से है। आप अलैहिस्सलाम का अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का है। आप अलैहिस्सलाम किसी भी रंग आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से बढ़ कर या बराबरी का कोई दावा नहीं, मौलवियों के ऐसे नापाक आरोपों से हमारा दिल ख़ून ख़ून होता है। यदि आप अलैहिस्सलाम को दावा है तो बस यही कि :

जान-ओ-दिलम फ़िदाए जमाल-ए-मुहम्मद अस्त
ख़ाकम निसार कूचा-ए-आले मुहम्मद असत

यहां यह वज़ाहत भी ज़रूरी है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का ज़िल और बरूज़ होना क़ुरआन-ए-करीम ने वर्णन फ़रमाया है और क़ुरआन-ए-करीम की रोशनी में बुज़ुर्गान-ए-उम्मत ने भी इस पर काफ़ी रोशनी डाली है। अतः यह कोई मन-घड़त बात नहीं। क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला ने सूरः जुमा में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की एक दूसरी बेसत का भी वर्णन फ़रमाया है। अतः आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की यह दूसरी बेसत ईमाम मह्दी-ओ-मसीह मौऊद के वजूद में ज़िल्ली और बरूज़ी रंग में होना निश्चित थी। अब हम इस सिलसिला में बुज़ुर्गान-ए-उम्त के कुछ कथन प्रस्तुत करते हैं :

हज़रत ईमाम अब्दुल रज़्ज़ाक शाफ़ी रहमहुल्लाह फ़रमाते हैं :

"ईमाम महदी जो अंतिम युग में आएंगे वह शरियत के नियमों में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अधीन होगा, और ज्ञान में वास्तव में आप

शेष पृष्ठ 24 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अब जबकि एक खुदा के सम्मान का प्रश्न पैदा हुआ और शिर्क का नारा मैदान में मारा गया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की रूह बे-ताब हो गई और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने निहायत जोश से सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की तरफ़ देख कर फ़रमाया तुम लोग उत्तर क्यों नहीं देते? सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! हम क्या कहें? फ़रमाया कहो اَللّٰہُ اَعْلٰی وَاَجَلّ۔ اَللّٰہُ اَعْلٰی तुम झूठ बोलते हो कि हुबल की शान बुलंद हुई। यह झूठ है तुम्हारा। اللہ وَحْدَہٗ لَاشَرِیْک सम्मानित है और उसकी शान बुलंद है وَاَجَلّ۔

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अली मुझ से है और मैं अली से हूँ। तो जिब्राईल अलैहिस्सलाम ने कहा कि मैं आप दोनों से हूँ

नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सिर उठा कर लोगों को देखते तो हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो कहते। بِأَبِیْ أَنْتَ وَأُمِّیْ یَارَسُوْلَ اللّٰہِ لَا یُصِیْبُكَ سَهْمٌ نَحْرِیْ دُوْنَ نَحْرِكَ। मेरे माँ बाप आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर क़ुर्बान, सिर उठा कर न देखें ऐसा न हो कि उन लोगों के तीरों में से कोई तीर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को लगे। मेरा सीना आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सीने के सामने है।

हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा। اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ کُلُّ مُصِیْبَةٍ بَعْدَہٗ جَلَلٌ। कि समस्त प्रशंसा अल्लाह तआला ही की हैं। हर मुसीबत आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद छोटी है।

उहद की जंग के बाद किसी शख़्स ने तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो से पूछा कि जब तीर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ पर गिरते थे तो क्या आपको दर्द नहीं होता था और क्या आपके मुँह से उफ़ नहीं निकलती थी? तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने उत्तर दिया। दर्द भी होती थी और उफ़ भी निकलना चाहती थी लेकिन मैं उफ़ करता नहीं था ताकि ऐसा न हो कि उफ़ करते वक़्त मेरा हाथ हिल जाए और तीर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुख पर आ गिरे।

साद रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि मैं ने जो तीर भी चलाया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसके साथ यह फ़रमाते हे अल्लाह इस के निशाने को दरुस्त कर दे और इस की दुआ को क़बूल कर ले। यहाँ तक कि जब मैं अपने तरकश के तीर चला कर फ़ारिग़ हुआ तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने तरकश के तीर फैला दिए।

ग़ज़व-ए-उहद में हज़रत अबू दुजाना रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त में आप की ढाल बने हुए थे। इसलिए वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने आपकी तरफ़ मुँह करके खड़े हो गए। जो तीर भी आता वह हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्हो की कमर पर लगता। वह झुके हुए खड़े थे और समस्त तीर अपनी कमर पर ले रहे थे। यहां तक कि उनकी कमर में बेशुमार तीर गढ़ गए।

जंग-ए-उहद में सहाबा कराम रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की जांनिसार क़ुर्बानियों का वर्णन

फ़लस्तीन के उमूमी हालात तथा यमन और पाकिस्तान के अहमदियों के लिए दुआओं की तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 02 फ़रवरी 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

जंग-ए-उहद के वाक़ियात में सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की क़ुर्बानियों और उनके इश्क़-ए-रसूल सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की मिसालें मैं ने दी थीं। उनमें हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो की बहादुरी के वाक़ियात का भी वर्णन मिलता है। इसलिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में रिवायत में आता है कि ग़ज़व-ए-उहद के अवसर पर जब इब्न-ए-कमिया ने हज़रत मसअब बिन उमेर रज़ियल्लाहु अन्हो को शहीद किया तो उसने यह गुमान किया कि उसने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को शहीद कर दिया है। इसलिए वह क़ुरैश की तरफ़ लौटा और कहने लगा कि मैं ने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को क़तल कर दिया है। जब हज़रत मसअब रज़ियल्लाहु अन्हो शहीद हुए तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने झंडा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो के सपुर्द किया। इसलिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और बाक़ी मुस्लमानों ने लड़ाई की।

(अल् सीरतुल नब्विया लेइब्ने हशाशाम पृष्ठ 529 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक के बाद एक कुफ़्फ़ार के झण्डा उठाने वालों को तलवार के नीचे किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अैहि वसल्लम ने कुफ़्फ़ार की एक जमाअत देखकर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो को उन पर हमला करने का इरशाद फ़रमाया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने अम्र बिन अब्दुल्लाह हजमी को क़तल कर दिया और उन्हें मुंतशिर कर दिया। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कुफ़्फ़ार के दूसरे दस्ते पर हमला करने का हुक्म दिया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने शीबा बिन मालिक को हलाक किया तो हज़रत जिब्राईल ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम निसन्देह यह हमदर्दी के लायक़ है अर्थात हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में यह कहा तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ अली मुझ से है और मैं अली से हूँ। तो जिब्राईल ने कहा कि मैं आप दोनों में से हूँ।

(तारीख़ अल् तिबरी भाग 2 पृष्ठ 65 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

इस बात को शीया हज़रात बढ़ोतरी करके बहुत ज़्यादा बढ़ा चढ़ा भी लेते हैं।

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि ग़ज़व-ए-उहद में जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास से लोग हट गए तो मैं ने शुहदा की लाशों में देखना शुरू किया तो उनमें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को न पाया। तब मैं ने कहा ख़ुदा की क़सम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम न भागने वाले

थे और न ही मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को शुहदा में पाया है लेकिन अल्लाह हमसे नाराज़ हुआ और उसने अपने नबी को उठा लिया है। अतः अब मेरे लिए भलाई यही है कि मैं लड़ूँ यहां तक कि क़तल कर दिया जाऊं। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि फिर मैं ने अपनी तलवार की मियान तोड़ डाली और कुफ़्फ़ार पर हमला किया। वे इधर उधर बिखर गए तो क्या देखता हूँ कि रसूलुल्लाह सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके मध्य हैं।

(उसोदुल् ग़ाबा भाग 4 पृष्ठ 94 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

सईद बिन मुसय्यब रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि ग़ज़्व-ए-उहद में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो को सोला घाव लगे थे।

(उसोदुल् ग़ाबा भाग 4 पृष्ठ 93 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस मज़मून को वर्णन फ़रमाते हुए कि कठिनाइयों के नीचे बरकतों के ख़ज़ाने गुप्त होते हैं, यह वर्णन फ़रमाया कि "हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने उहद से वापस आकर हज़रत फ़ातमह रज़ियल्लाहु अन्हा को अपनी तलवार दी और कहा उसको धो दो। आज इस तलवार ने बड़ा काम किया है ।रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो की यह बात सुन रहे थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : अली रज़िय-ल्लाहु अन्हो तुम्हारी ही तलवार ने काम नहीं किया। और भी बहुत से तुम्हारे भाई हैं जिनकी तलवारों ने जोहर दिखाए हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने छः सात सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम लेते हुए फ़रमाया। उनकी तलवारें तुम्हारी तलवार से कम तो नहीं थीं।"

(मसायब के नीचे बरकतों के ख़ज़ाने मख़्फ़ी होते हैं। (अनवारुल उलूम भाग 19 पृष्ठ 59)

हज़रत अबू तल्हा अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में इस हवाले से वर्णन मिलता है कि हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि जब उहद की जंग हुई तो लोग शिकस्त खा कर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जुदा हो गए और

हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को अपनी ढाल से आड़ में खड़े रहे।

और हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ऐसे तीर-अंदाज़ थे कि इतनी ज़ोर से कमान खींचा करते थे। उन्होंने उस दिन दो या तीन कमानें तोड़ी। अर्थात इतनी ज़ोर से खींचते थे कि कमान टूट जाती थी और उस वक़्त सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो में से जो कोई आदमी तीरों का तरकश अपने साथ लिए गुज़रता था तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस से फ़रमाते कि अबू तल्हा के लिए तीर फेंक दो। अर्थात यह अच्छे तीर-अंदाज़ हैं। अपने तीर भी उन्हें दे दो। यह उस वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने खड़े थे। हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो कहते थे कि :

नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सिर उठा कर लोगों को देखते तो हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो कहते। بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي يَارَسُوْلَ اللهِ، لَا يُصِيبُكَ سَهْمٌ، نَحْرِي دُوْنَ نَحْرِكَ. मेरे माँ बाप आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर क़ुर्बान, सिर उठा कर न देखें कहीं ऐसा न हो उन लोगों के तीरों में से कोई तीर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को लगे। मेरा सीना आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सीने के सामने है।

बुख़ारी में से यह हवाला अख़्ज़ किया गया है।

(उद्धृत सही अल् बुख़ारी किताब अल्मग़ाज़ी बाब همت طائفتان منكم... हदीस : 4064)

(उद्धृत अल् तब्कातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 384-385 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो एक ही ढाल से नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त करते थे और हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो अच्छे तीर-अंदाज़ थे। जब वह तीर चलाते तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम झाँकते और उनके तीर पड़ने की जगह को देखते।

(सही अल् बुख़ारी किताबुल् जिहाद बाब المجن ومن يترس بترس صاحبه हदीस 2902)

ग़ज़्व-ए-उहद में हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो के इस शेअर के पढ़ने का भी वर्णन है कि :

وَجْهِي لِوَجْهِكَ الْوِقَاءُ
وَنَفْسِي لِنَفْسِكَ الْفِدَاءُ

मेरा चेहरा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चेहरे को बचाने के लिए है और मेरी जान आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जान पर है।

(मस्नद अहमद बिन हम्बल भाग 4 पृष्ठ 665 मस्नद हदीस 13781 आलेमुल कुतुब बेरूत 1998 ई.)

हज़रत अबू तल्हा अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह लिखा है कि "अबू तल्हा अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हो ने तीर चलाते चलाते तीन कमानें तोडी और दुश्मन के तीरों के मुक़ाबिल पर सीना सामने रख कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदन को अपनी ढाल से छुपाया।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अज़ हज़रत साहि-बज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए पृष्ठ 495)

फिर हज़रत तल्हा बिन अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन मिलता है। वह (हज़रत अबू तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो) अंसारी थे। यह क़ुरैश में से थे। जंग-ए-उहद के दिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को बचाते हुए यह तीर अपने हाथों पर लेते थे। हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो उहद के दिन हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम के साथ शरीक हुए। वह उन लोगों में से थे जो उस रोज़ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ साबित-क़दम रहे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से मौत पर बैअत की। मालिक बन ज़ुहेर ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तीर मारा तो हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहिव स - ल्लम के चेहरे को अपने हाथ से बचाया। तीर उन की छोटी उंगली पर लगा जिससे वह बेकार हो गई। जिस वक़्त उन्हें पहला तीर लगा तो तकलीफ़ से सी की आवाज़ निकली। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अगर वह बिसमि-ल्लाह कहते तो इस तरह जन्नत में दाख़िल होते कि लोग उन्हें देख रहे होते।

(अल् तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साद भाग 3 पृष्ठ 162-163 तल्हा बिन उबैदुल्लाह क़ुरैशी दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 1990 ई.)

इसी वाक़िया की तफ़सील सीरत हल्बिया में एक रिवायत में इस तरह भी है क़ैस बिन अबू हाज़िम कहते हैं कि मैं ने उहद के दिन हज़रत तल्हा बिन अब्दुल्लाह रज़िय-ल्लाहु अन्हो के हाथ का हाल देखा जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तीरों से बचाते हुए छल्ली हो गया था। एक कथन है कि इस में नेज़ा लगा था और इस से इतना ख़ून बहा कि कमज़ोरी से बेहोश हो गए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन पर पानी के छींटे डाले यहां तक कि उनको होश आया। होश आने पर उन्होंने फ़ौरन पूछा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का क्या हाल है? हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनसे कहा कि वह ख़ैरियत से हैं और उन्होंने ही मुझे आपकी तरफ़ भेजा है।

हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा। اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ كُلُّ مُصِيبَةٍ بَعْدَهُ جَلَلٌ कि समस्त प्रशंसा अल्लाह तआला ही की हैं। हर मुसीबत आप सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम के बाद छोटी है।

(सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 324 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

आयशा और उम्मे इसहाक़ जो हज़रत तल्हा की बेटियां थीं। इन दोनों ने वर्णन किया कि उहद के दिन हमारे वालिद को चौबीस घाव लगे जिनमें से एक चौकोर घाव सिर में था और पांव की रग कट गई थी। उंगली टूट गई थी और बाक़ी घाव जिस्म पर थे। इन पर बेहोशी का ग़लबा था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने के दो दाँत टूट गए थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का चेहरा भी घायल था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर भी बेहोशी का ग़लबा था। हज़रत तल्हा रज़ि-यल्लाहु अन्हो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को उठा कर अपनी पीठ पर इस तरह उल्टे क़दमों पीछे हटे कि जब कभी मुशरेकीन में से कोई मिलता तो वह उस से लड़ते यहां तक कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को घाटी में ले गए और सहारे से बिठा दिया।

(अल् तब्कातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 163 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

ग़ज़्व-ए-उहद और जाँबाज़ और वफ़ादार सहाबियों रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु इस तरह वर्णन करते हैं कि ग़ज़्व-ए-उहद के दिन जब ख़ालिद बिन वलीद ने मुस्लमानों पर अचानक हमला किया और मुस्लमा-नों में इंतिशार फैल गया तो "चंद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो दौड़ कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के गर्द जमा हो गए जिनकी संख्या ज़्यादा से ज़्यादा तीस थी। कुफ़्फ़ार ने शिद्दत के साथ इस मुक़ाम पर हमला किया जहां रसूले करीम सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम खड़े थे। एक के बाद एक सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हिफ़ाज़त करते हुए मारे जाने लगे। इलावा शमशीर ज़नों के तीर-अंदाज़ ऊंचे टीलों पर खड़े हो कर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम की तरफ़ बे-तहाशा तीर मारते थे।' यह देखते हुए कि दुश्मन उस वक़्त बे-तहा-शा तीर मारते थे "उस वक़्त तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने जो क़ुरैश में से थे और मक्का के मुहाजेरीन में शामिल थे, ये देखते हुए कि दुश्मन सब के सब तीर रसूलुल्लाह

सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुँह की तरफ़ फेंक रहा है अपना हाथ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुँह के आगे खड़ा कर दिया। तीर के बाद तीर जो निशाना पर गिरता था वह तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो के हाथ पर गिरता था परंतु जाँबाज़ और वफ़ादार सहाबी अपने हाथ को कोई हरकत नहीं देता था। इस तरह तीर पड़ते गए और तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु का हाथ ज़ख़्मों की शिद्दत की वजह से बिल्कुल बेकार हो गया और सिर्फ एक ही हाथ उनका बाक़ी रह गया।

साल-हा-साल बाद इस्लाम की चौथी ख़िलाफ़त के ज़माना में जब मुस्लमानों में ख़ाना-जंगी वाक़्य हुई तो किसी दुश्मन ने ताना के तौर पर तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो को कहा। टुंडा। हाथ हाथ तुम्हारा काम नहीं कर रहा। "इस पर एक दूसरे सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा। हाँ टुंडा ही है परंतु कैसा मुबारक टुंडा है। तुम्हें मालूम है तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो का यह हाथ रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुँह की हिफ़ाज़त में टुंडा हुआ था। उहद की जंग के बाद किसी शख़्स ने तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो से पूछा कि जब तीर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ पर गिरते थे तो क्या आपको दर्द नहीं होती थी और क्या आपके मुँह से उफ़ नहीं निकलती थी? तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने उत्तर दिया। दर्द भी होती थी और उफ़ भी निकलना चाहती थी लेकिन मैं उफ़ करता नहीं था ता ऐसा न हो कि उफ़ करते वक़्त मेरा हाथ हिल जाए और तीर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुँह पर आ गिरे।"

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम भाग 20 पृष्ठ 250)

हज़रत साद बिन अबी वक्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हु उन जाँनिसारों में से एक थे जिन्हों ने बड़ी बहादुरी और वफ़ा का प्रदर्शन किया। आयशा बिंत साद ने अपने वालिद से रिवायत किया है। वह फ़रमाते हैं कि जब लोगों ने अर्थात दुश्मनों ने पलट कर हमला किया तो मैं एक तरफ़ हो गया। मैं ने कहा उनको ख़ुद से हटा दूँगा या तो मैं ख़ुद निजात पा जाऊँगा और या मैं शहीद हो जाऊँगा तो अचानक मैं ने एक सुर्ख़ चेहरे वाले शख़्स को देखा। क़रीब था कि मुशरेकीन उन पर ग़ालिब आ जाएं तो उसने अपना हाथ कंकरियों से भर कर उनको मारा तो अचानक मेरे और उस शख़्स के मध्य मक्दाद आ गए तो मैं ने उनसे पूछने का इरादा किया। उसने मुझे कहा साद! यह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थे, तुझे बुला रहे थे। तो मैं खड़ा हुआ और मुझे ऐसा लगा गोया कि मुझे कोई तकलीफ़ नहीं पहुंची। मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुझे अपने सामने बिठा लिया। मैं तीर चलाने लगा और मैं कहता कि अल्लाह! तेरा तीर है तू उस को अपने दुश्मन को मार दे और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम कहते हैं अल्लाह तू साद की दुआ क़बूल कर ले। हे अल्लाह साद के निशाने को दरुस्त कर दे। हे साद तुझ पर मेरे माँ और बाप फ़िदा हों। साद कहते हैं अर्थात कि यह वाक़िया वर्णन कर रहे हैं कि इस तरह मैं कर रहा था लेकिन उस वक़्त नज़ारा ऐसा था कि मुझे लगता था कोई फ़रिश्ता हमारे बीच में आ गया है और वह भी साथ लड़ रहा है लेकिन इस वक़्त मुझे किसी ने बताया कि वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थे। लगता है मुख़्तलिफ़ कशफ़ी हालतें लोगों में थीं या फिर हक़ीक़त थी। लेकिन आख़िर में यह बहरहाल रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास थे। इसलिए साद रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि मैं ने जो तीर भी चलाया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसके साथ यह फ़रमाते हे अल्लाह उस के निशाने को दरुस्त कर दे और उस की दुआ को क़बूल कर ले। यहाँ तक कि जब मैं अपने तरकश के तीर चला कर फ़ारिग़ हुआ तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने तरकश के तीर फैला दिए और मुझे एक बग़ैर पैकान और बग़ैर पर के तीर दिया और वह दूसरे तीरों से ज़्यादा तेज़ था

अल्लामा ज़ोहरी रहमहुल्लाह ने लिखा है कि इस दिन साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक हज़ार तीर चलाए थे।

(सब्लुल हुदा वल् रिशाद भाग 4 पृष्ठ 200-201 दारुल कुतुब इल्मिया)

ग़ज़व-ए-उहद के अवसर पर जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास साबित-क़दम सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो थोड़े रह गए उस वक़्त हज़रत साद बिन अबी वक्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने यूं लिखा है कि साद बिन वक्क़ास को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद तीर पकड़ाते जाते थे और हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो यह तीर दुश्मन पर बेतहाशा चलाते जाते थे। एक दफ़ा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया तुम पर मेरे माँ बाप क़ुर्बान हों बराबर तीर चलाते जाओ। साद अपनी आख़िरी उम्र तक इन अलफ़ाज़ को निहायत फ़ख़र के साथ वर्णन किया करते थे।

(उद्धृत सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए पृष्ठ 495)

एक रिवायत में वर्णन है कि हज़रत साद बिन अबी वक्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जंग-ए-उहद के दिन अपने तरकश से तीर निकाल कर मेरे लिए बिखेर दिए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तीर चलाओं तुझ पर मेरे माँ बाप फ़िदा हों।

(सही बुख़ारी किताब अल् मग़ाज़ी बाब अज़ اذهمت طائفتان منكم... हदीस 4055)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि मैं ने हज़रत साद बिन अबी वक्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हु के इलावा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कभी किसी के लिए अपने माँ बाप फ़िदा करने की दुआ देते नहीं सुना। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो से ग़ज़व-ए-उहद के अवसर पर फ़रमाया था कि मेरे माँ बाप तुम पर फ़िदा हों तीर चलाते जाओ। हे भरपूर ताक़तवर जवान तीर चलाते जाओ।

(जामे तिरमेज़ी किताब अल् मनाकिब बाब ارم فداك ابي وامي हदीस 3753)

लेकिन बुख़ारी में एक और रिवायत भी है कि हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो के इलावा तारीख़ में हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हो का नाम भी मिलता है जिन्हें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि فِدَاكَ اَبِیْ وَاُمِّی अर्थात तुम पर मेरे माँ बाप क़ुर्बान हों)

(सही बुख़ारी किताब फ़ज़ायल न्नबी(सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) बाब मनाक़िब अल् जुबेर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हो हदीस : 3720)

इसी तरह हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्हो की क़ुर्बानी का भी वर्णन मिलता है। एक रिवायत में है कि

ग़ज़व-ए-उहद में हज़रत अबू दुजाना रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त में आपकी ढाल बने हुए थे। इसलिए वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने आपकी तरफ़ मुँह कर के खड़े हो गए। जो तीर भी आता वह हज़रत अबू दुजाना रज़ियल्लाहु अन्हो की कमर पर लगता। वह झुके हुए खड़े थे और समस्त तीर अपनी कमर पर ले रहे थे। यहां तक कि उनकी कमर में बेशुमार तीर पैवस्त गए।

(सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 314 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2008 ई.)

हज़रत अबू दुजान रज़ियल्लाहु अन्हो की साबित क़दमी के बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने यूं लिखा है कि "अबू दुजान रज़ियल्लाहु अन्हो ने बड़ी देर तक आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के जिस्म को अपने जिस्म से छुपाए रखा और जो तीर या पत्थर आता था उसे अपने जिस्म पर लेते थे। यहाँ तक कि उनका बदन तीरों से छलनी हो गया परंतु उन्होंने उफ़ तक नहीं की ताकि ऐसा न हो कि उनके बदन में हरकत पैदा होने से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जिस्म का कोई हिस्सा नंगा हो जाए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को कोई तीर आ लगे।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए से पृष्ठ 495)

फिर हज़रत सहल बिन हुनेफ़ रज़ियल्लाहु अन्हो हैं। यह भी महान सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो में से थे जिन्हों ने उहद के रोज़ साबित क़दमी दिखाई। उस रोज़ उन्होंने मौत पर आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत की थी। आप रज़ियल्लाहु अन्हो उस वक़्त आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आगे ढाल बन कर डटे रहे। जब दुश्मन के शदीद हमले की वजह से मुस्लमान बिखर गए तो उस दिन उन्होंने आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ से तीर चलाए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि सहल को तीर पकड़ाओ क्योंकि तीर चलाना उसके लिए आसान है।

(अल् इस्तेआब भाग 2 पृष्ठ 662-663 दारुल जीलल् बेरूत 1992 ई.)

फिर एक महिला सहाबिया हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा का भी वर्णन मिलता है जिन्हों ने जंग-ए-उहद में बहादुरी के जोहर दिखाए और यह बहादुरी के जोहर दिखाने वाली बड़ी बावफ़ा जांनिसार सहाबिया रज़ियल्लाहु अन्हा थीं। उनका पूरा नाम उम्मे अम्मार, अम्मारा माज़ीना था। हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा का नाम नुसेबा था नुसेबान उनका असल नाम था। यह हज़रत ज़ैद बिन आसिम रज़ियल्लाहु अन्हो की पत्नी थीं। हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा ख़ुद वर्णन करती हैं कि ग़ज़व-ए-उहद के अवसर पर मैं यह देखने के लिए रवाना हुई कि लोग क्या कर रहे हैं। मेरे पास पानी से भरा हुआ एक मशकीज़ा भी था जो मैं ने ज़ख़मियों को पिलाने के लिए साथ ले लिया था यहां तक कि मैं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास पहुंच गई। उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम सहाबा रज़ियल्लाहु

अन्हो के मध्य में थे और इस वक़्त मुस्लमानों का पल्ला भारी था अर्थात जंग का शुरू का हिस्सा था। फिर अचानक सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो अफ़रातफ़री में इधर उधर हो गए। वही जो दर्रा छोड़ने वालों का वाक़िया हुआ और मुशरिकों ने पीछे से हमला किया। कहती हैं कि इधर मुशरिकों ने चारों तरफ़ से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर यलग़ार कर दी। यह सूरत-ए-हाल देखकर में खड़ी हो कर जंग करने लगी। मैं तलवार के माध्यम से दुश्मनों को आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के क़रीब आने से रोक रही थी। साथ ही में कमान से तीर भी चला रही थी यहां तक कि मैं ख़ुद भी घायल हो गई। उनके कंधे पर बहुत गहरा घाव लगा। जब उनसे पूछा गया कि तुम्हें किस ने घायल किया तो उन्होंने कहा इब्ने कय्यमा ने। हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि जब अचानक मुस्लमान आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास से तित्र बित्तर हो गए तो वह यह कहता हुआ आगे बढ़ा कि मुझे मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) की निशानदेही कर दो क्योंकि अगर आज वह बच गए तो समझो कि में नहीं बचा। अर्थात या तो आज वह रहेंगे और या मैं रहूँगा। वह जब क़रीब आया तो कहती हैं कि मैं ने और मसअब बिन उमेर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उस का रास्ता रोका। उस वक़्त उसने मुझ पर हमला कर दिया। हमला करके यह घाव लगाया। यह जो कंधे का घाव पूछ रहे हो नाँ यह उसने मुझे लगाया था। मैं ने उस पर कई वार किए परंतु वह ख़ुदा का दुश्मन दो ज़िरहें पहने हुए था। कुछ उल्मा ने लिखा है कि ग़ज़व-ए-उहद के अवसर पर नुसयबाबा, उनके पति हज़रत ज़ैद बिन आसिम रज़ियल्लाहु अन्हो और उनके दोनों बेटे ख़ुबेब और अब्दुल्लाह सब के सब जंग के लिए गए थे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन सबको फ़रमाया था कि अल्लाह तआला तुम घर वालों पर रहमतें नाज़िल फ़रमाए। एक रिवायत है कि अल्लाह तआला तुम्हारे घराने में बरकत अता फ़रमाए। बहरहाल यह जो दुआ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने की तो हज़रत उम्मे अम्मारा अर्थात नुसयबा ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अर्ज़ किया कि हमारे लिए अल्लाह तआला से दुआ फ़रमाएं कि हम जन्नत में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ हों। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दुआ करते हुए फ़रमाया अल्लाह! उनको जन्नत में मेरा रफ़ीक़ और साथी बना। इसी वक़्त हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा ने कहा कि अब मुझे इस की पर्वा नहीं है कि दुनिया में मुझ पर क्या गुज़रती है। यह दुआ मुझे मिल गई मेरे लिए बहुत है

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके बारे में फ़रमाया कि उहद के दिन मैं दाएं या बाएं जिधर भी देखता था उनको देखता था कि मेरी हिफ़ाज़त के लिए दुश्मन से लड़ रहे हैं। ग़ज़व-ए-उहद में हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा को बारह घाव आए जिनमें नेज़ों के घाव भी थे और तलवारों के भी थे।

(सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 313-314 दारुल कुतुब इल्मिया 2008 ई.)

हज़रत उम्मे अम्मारा रज़ियल्लाहु अन्हा के बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस तरह लिखा है कि "एक मुस्लमान महिला जिसका नाम उम्मे अम्मारा था तलवार हाथ में लेकर मारती काटती आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास पहुंची। उस वक़्त अब्दुल्लाह बिन कय्यमा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर वार करने के लिए आगे बढ़ रहा था। मुस्लमान महिला ने झट आगे बढ़कर वह वार अपने ऊपर ले लिया और फिर तलवार तौल कर उस पर अपना वार किया, परंतु वह एक दोहरी ज़िरह पहने हुए मर्द था और यह एक कमज़ोर औरत। इसलिए वार कारी न पड़ा। और इब्न-ए-कय्यमा दर्राता हुआ और मुस्लमानों की सफ़ों को चीरता हुआ आगे आया और सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के रोकते रोकते आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़रीब पहुंच गया और पहुंचते ही इस ज़ोर और बेदर्दी के साथ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चेहरा मुबारक पर वार किया कि सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के दिल दहल गए। जांनिसार तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने लपक कर " वह वार "अपने नंगे हाथ पर लिया परंतु इब्ने कय्यमा की तलवार उनके हाथ को काटती हुई आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पहलू पर पड़ी। घाव तो ख़ुदा के फ़ज़ल से नहीं आया क्योंकि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ऊपर तले दो ज़िरहें पहनी हुई थीं और वार का ज़ोर भी तल्हा की जांनिसारी से कम हो चुका था परंतु इस सदमा से आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम चक्कर खा कर नीचे गिरे और इब्ने कय्यमा ने फिर ख़ुशी का नारा लगाया कि मैं ने मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को मार लिया है। इब्ने कय्यमा तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर वार करके ख़ुशी का नारा लगाता हुआ पीछे हट गया और अपने सोच में यह समझा कि मैं ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मार लिया है परंतु जूंही कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम गिरे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़ौरन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को ऊपर उठा लिया और यह मालूम करके मुस्लमानों के उदास चेहरे ख़ुशी से चमक उठे कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ज़िंदा सलामत हैं। अब आहिस्ता-आहिस्ता लड़ाई का ज़ोर भी कम होना शुरू हो गया क्योंकि एक तो कुफ़्फ़ार इस इतमेनान की वजह से कुछ ढीले पड़ गए थे कि मुहम्मद रसूलुल्लाह शहीद हो चुके हैं और इस लिए उन्होंने लड़ाई की तरफ़ से तवज्जा हटा कर कुछ तो अपने मक़्तूलीन की देख-भाल और कुछ मुस्लमान शहीदों की लाशों की बे-हुरमती करने की तरफ़ फेर ली थी और दूसरी तरफ़ मुस्लमान भी अक्सर मुंतशिर हो चुके थे।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहब एम.ए पृष्ठ 496-497)

जंग में अबूसुफ़ियान के साथ मुकालमे का वर्णन मिलता है और क़ुरैश किस तरह वापस हुए। ग़ज़व-ए-उहद के दिन जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ पहाड़ पर चढ़ गए तो कुफ़्फ़ार भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पीछे आए। इसलिए सही बुख़ारी में रिवायत है कि अबूसुफ़ियान ने तीन बार पुकार कर कहा : क्या उन लोगों में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम है? नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को उसे उत्तर देने से रोक दिया। फिर उसने तीन बार पुकार कर पूछा : क्या लोगों में अबू क़हाफ़ा का बेटा अर्थात अबू बकर है? फिर तीन बार पूछा : क्या उन लोगों में इब्न-ए-खत्ताब अर्थात उमर है? फिर वे अपने साथियों की तरफ़ लौट गया और कहने लगा यह जो थे वह तो मारे गए। यह सुनकर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो अपने आपको क़ाबू में नहीं कर सके और बोले हे अल्लाह के दुश्मन बख़ुदा तुमने झूठ कहा है। जिनका तुमने नाम लिया है वह सब ज़िंदा हैं। जो बात नागवार है इस में से अभी तेरे लिए बहुत कुछ बाक़ी है। यह भी बुख़ारी की रिवायत है।

(सही अल् बुख़ारी। الجهادوالسيرباب مايكره من التنازع والاختلاف فى الحرب)

अबू सुफ़ियान बोला यह मार्का बदर के मार्का का बदला है। लड़ाई तो डोल की तरह है। कभी उसकी फ़तह और कभी उसकी फ़तह। तुम लोगों में से कुछ ऐसे मुर्दे पाओगे जिनके नाक कान काटे गए हैं अर्थात मुसला किया गया है। उसने कहा कि मैं ने इस का हुक्म नहीं दिया लेकिन मैं ने उसे बुरा भी नहीं समझा। फिर उसके बाद वह ये पंक्तियाँ पढ़ने लगा कि اُعْلُ هُبَل۔ اُعْلُ هُبَل۔ हुबल की जय, हुबल की जय। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क्या अब उसे उत्तर नहीं दोगे? सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम क्या उत्तर दें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि तुम कहो اَللّٰهُ اَعْلٰى وَاَجَلُّ अल्लाह ही सबसे बुलंद और बड़ी शान वाला है। फिर अबूसुफ़ियान ने कहा उज़्ज़ा नामी बुत हमारा है और तुम्हारा कोई उज़्ज़ा नहीं। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह सुनकर फ़रमाया कि क्या तुम उसे उत्तर नहीं दोगे? हज़रत बरा बिन आज़िब रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम क्या कहें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि कहो कि اَللّٰهُ مَوْلَانَا وَلَا مَوْلٰى لَكُمْ कि अल्लाह हमारा सहायक है और तुम्हारा कोई सहायक नहीं।

(सही बुख़ारी الجهادوالسيرباب مايكره من التنازع والاختلاف فى الحرب... हदीस 3039)

इसके बाद अबू सुफ़ियान ने पुकार कर मुस्लमानों से कहा कि अगले वर्ष मैदान-ए--बदर में हम तुमसे फिर मिलेंगे। इस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो में से एक शख़्स से फ़रमाया। कह दो कि हाँ हमारा तुम्हारा मिलने का वादा रहा।

(सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 333 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2008 ई.)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में लिखा है कि "इधर मुस्लमान अपनी मरहम पट्टी में व्यस्त थे तो उधर दूसरी तरफ़ अर्थात नीचे मैदान-ए-जंग में मक्का के क़ुरैश मुस्लमान शहीदों की नाशों की निहायत बेदर्दाना तौर पर बे हुरमती कर रहे थे। मुस्ला की वहशयाना रस्म पूरी वहशत के साथ अदा की गई और मुस्लमान शहीदों की नाशों के साथ मक्का के ख़ूँख़ार दरिंदों ने जो कुछ भी उनके दिल में आया वह किया। क़ुरैश की औरतों ने मुस्लमानों के नाक कान काट कर उनके हार पिरोए और पहने। अबूसुफ़ियान की पत्नी हिंदः हज़रत हम्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो का जिगर निकाल कर चबा गई। उद्देश्य बाक़ौल सर विलियम मियोर "मुस्लमानों की नाशों के साथ क़ुरैश ने निहायत वहशयाना सुलूक किया' और मक्का के सरदार देर तक आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नाश मैदान में तलाश करते रहे और इस नज़्ज़ारे के शौक़ में उनकी

आँखें तरस गईं परंतु जो चीज़ कि न पानी थी न पाई।' यह तो हो नहीं सकता था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तो वहां थे ही नहीं। "इस तलाश से मायूस हो कर अबूसुफ़ियान अपने चंद साथियों को साथ लेकर इस दर्रा की तरफ़ बढ़ा जहां मुस्लमान जमा थे और उस के क़रीब खड़े हो कर पुकार कर बोला। "मुसलमानो क्या तुम में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम है?' आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कोई उत्तर न दे। इसलिए सब सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ामोश रहे। फिर उसने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पूछा परंतु इस पर भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरशाद के अधीन किसी ने उत्तर नहीं दिया। जिस पर उसने बुलंद आवाज़ से फ़ख़र के लहजा में कहा कि ये सब लोग मारे गए हैं क्योंकि यदि वह ज़िंदा होते तो उत्तर देते। उस वक़्त हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से न रहा गया और वह बे-इख़्तियार हो कर बोले। हे अल्लाह के दुश्मन! तू झूठ कहता है हम सब ज़िंदा हैं और ख़ुदा हमारे हाथों से तुम्हें ज़लील करेगा। अबू सुफ़ियान ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की आवाज़ पहचान कर कहा "उम्र सच्च सच्च बताओ क्या मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ज़िंदा है? हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा। "हाँ-हाँ ख़ुदा के फ़ज़्ल से वे ज़िंदा हैं और तुम्हारी ये बातें सुन रहे हैं। अबू सुफ़ियान ने किसी क़दर धीमी आवाज़ में कहा। तो फिर इब्ने कय्यमा ने झूठ कहा है क्योंकि मैं तुम्हें इस से ज़्यादा सच्चा समझता हूँ। इसके बाद अबूसुफ़ियान ने निहायत बुलंद आवाज़ से पुकार कर कहा। اُعْلُ هُبَل अर्थात "हे हुबल तेरी बुलंदी हो।" सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद का ख़्याल करके ख़ामोश रहे' क्योंकि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पहले रोका था नाँ। "परंतु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जो अपने नाम पर तो ख़ामोश रहने का हुक्म देते थे अब ख़ुदा तआला के मुक़ाबला में बुत का नाम आने पर बेताब हो गए और फ़रमाया "तुम उत्तर क्यों नहीं देते?' सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया "हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क्या उत्तर दें?" आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कहो اَللّٰهُ اَعْلٰى وَاَجَلّ अर्थात "बुलंदी और बुज़ुर्गी केवल अल्लाह तआला को हासिल है।" अबू-सुफ़ियान ने कहा। لَنَا الْعُزّٰى وَلَا عُزّٰى لَكُم- हमारे साथ उज़्ज़ा है और तुम्हारे साथ उज़्ज़ा नहीं है।' आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया कहो اَللّٰهُ مَوْلَانَا وَلَا مَوْلٰى لَكُم। उज़्ज़ा क्या चीज़ है। "हमारे साथ अल्लाह हमारा सहायक है और तुम्हारे साथ कोई सहायक नहीं।' इस के बाद अबू-सुफ़ियान ने कहा। "लड़ाई एक डोल की तरह होती है जो कभी चढ़ता और कभी गिरता है। अतः यह दिन बदर के दिन का बदला समझो और तुम मैदान-ए-जंग में ऐसी लाशें पाओगे जिनके साथ मुसला किया गया है। मैं ने इस का हुक्म नहीं दिया परंतु जब मुझे उसका इलम हुआ तो मुझे अपने आदमियों का यह फ़ेअल कुछ बुरा भी नहीं लगा।" और हमारे और तुम्हारे मध्य अगले वर्ष इन्ही दिनों में बदर के मुक़ाम में फिर जंग का वादा रहा। एक सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हु ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिदायत के अधीन उत्तर दिया कि "बहुत अच्छा। यह वादा रहा।' यह कह कर अबूसुफ़ियान अपने साथियों को लेकर नीचे उतर गया और फिर जल्द ही लश्कर क़ुरैश ने मक्का की राह ली।"

आप रज़ियल्लाहु अन्हो लिखते हैं कि "यह एक अजीब बात है कि बावजूद उसके कि क़ुरैश क़व्वास अवसर पर मुस्लमानों के ख़िलाफ़ ग़लबा हासिल हुआ था और ज़ाहिरी अस्बाब के लिहाज़ से वह अगर चाहते तो अपनी इस फ़तह से फ़ायदा उठा सकते थे और मदीना पर हमला-आवर होने का रास्ता तो बहरहाल उनके लिए खुला था परंतु ख़ुदाई तसर्रुफ़ कुछ ऐसा हुआ कि क़ुरैश के दिल बावजूद इस फ़तह के अंदर ही अंदर मरऊब थे और उन्होंने इसी ग़लबा को ग़नीमत जानते हुए जो उहद के मैदान में इन को हासिल हुआ था मक्का को जल्दी जल्दी लौट जाना ही उचित समझा परंतु बईं-हमा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मज़ीद सावधानी के ख़्याल से फ़ौरन सत्तर सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की एक जमाअत जिसमें हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो भी शामिल थे तैयार करके लश्कर क़ुरैश के पीछे रवाना कर दी। यह बुख़ारी की रिवायत है। आम इतिहासकार यूं वर्णन करते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो या कुछ रिवायत की दृष्टि से साद बिन वक़्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हो को क़ुरैश के पीछे भिजवाया और उनसे फ़रमाया कि इस बात क पता लाओ कि लश्कर-ए-क़ुरैश मदीना पर हमला करने की नीयत तो नहीं रखता और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनसे फ़रमाया अगर क़ुरैश ऊंटों पर सवार हों और घोड़ों को ख़ाली चला रहे हों तो समझना कि वह मक्का की तरफ़ वापस जा रहे हैं, मदीना पर हमला आवर होने का इरादा नहीं रखते और अगर वे घोड़ों पर सवार हों तो समझना उनकी नीयत ठीक नहीं और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनको ताकीद फ़रमाई कि अगर क़ुरैश का लश्कर मदीना का रुख करे तो फ़ौरन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को इत्तिला दी जाए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बड़े जोश की हालत फ़रमाया कि :

अगर क़ुरैश ने इस वक़्त मदीना पर हमला किया तो ख़ुदा की क़सम हम उनका मुक़ाबला करके उन्हें इस हमला का मज़ा चखा देंगे

इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के भेजे हुए आदमी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरशाद के अधीन गए और बहुत जल्द यह ख़बर लेकर वापस आगए कि क़ुरैश का लश्कर मक्का की तरफ़ जा रहा है।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए पृष्ठ 498 से 500)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घायल हो कर बेहोश होने और इस के बाद के वाक़िया का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "थोड़ी देर बाद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को होश आ गया और सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने चारों तरफ़ मैदान में आदमी दौड़ा दिए कि मुस्लमान फिर इकट्ठे हो जाएं। भागा हुआ लश्कर फिर जमा होना शुरू हुआ और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उन्हें लेकर पहाड़ के दामन में चले गए। जब दामन-ए-कोह में बच्चा कुचा लश्कर खड़ा था तो अबूसुफ़ियान ने बड़े ज़ोर से आवाज़ दी और कहा हमने मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को मार दिया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अबूसुफ़ियान की बात का उत्तर नहीं दिया ता ऐसा न हो दुश्मन हक़ीक़त-ए-हाल से वाक़िफ़ हो कर हमला कर दे और घायल मुस्लमान फिर दुबारा दुश्मन के हमला का शिकार हो जाएं। जब इस्लामी लश्कर से इस बात का कोई उत्तर नहीं मिला तो अबू सुफ़ियान को यक़ीन हो गया कि उस का ख़्याल दुरुस्त है और उसने बड़े ज़ोर से आवाज़ देकर कहा हमने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार दिया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी हुक्म फ़रमाया कि कोई उत्तर न दें। फिर अबू सुफ़ियान ने आवाज़ दी हमने उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार दिया। तब उमर रज़ियल्लाहु अन्हो जो बहुत जोशीले आदमी थे उन्होंने उसके उत्तर में यह कहना चाहा कि हम लोग ख़ुदा के फ़ज़्ल से ज़िंदा हैं और तुम्हारे मुक़ाबला के लिए तैयार हैं परंतु रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मना फ़रमाया कि मुस्लमानों को तकलीफ़ में मत डालो और ख़ामोश रहो। अब कुफ़्फ़ार को यक़ीन हो गया कि इस्लाम के संस्थापक को भी और उनके दाएं बाएं बाज़ू को भी हमने मार दिया है। इस पर अबू सुफ़ियान और उस के साथियों ने ख़ुशी से नारा लगाया يَا اُعْلُ هُبَل ऊलुल् हुब्ल हमारे मुअज़्ज़िज़ बुत हुबल की शान बुलंद हो कि उसने आज इस्लाम का ख़ातमा कर दिया है।" हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "वही रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जो अपनी मौत के ऐलान पर, अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की मौत के ऐलान पर और उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की मौत के ऐलान पर ख़ामोशी की नसीहत फ़र्मा रहे थे ता ऐसा न हो कि घायल मुस्लमानों पर फिर कुफ़्फ़ार का लश्कर लौट कर हमला कर दे और मुट्ठी भर मुस्लमान उसके हाथों शहीद हो जाएं।

अब जबकि एक वाहिद की इज़्ज़त का प्रश्न पैदा हुआ और शिर्क का नारा मैदान में मारा गया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की रूह बे-ताब हो गई और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने निहायत जोश से सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की तरफ़ देखकर फ़रमाया तुम लोग उत्तर क्यों नहीं देते? सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! हम क्या कहें? फ़रमाया कहो اَللّٰهُ اَعْلٰى وَاَجَلّ۔ اَللّٰهُ اَعْلٰى وَاَجَلّ तुम झूठ बोलते हो कि हुबल की शान बुलंद हुई।" यह झूठ है तुम्हारा। "اَللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ ही मुअज़्ज़िज़ है और उस की शान बाला है।

और इस तरह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने ज़िंदा होने की ख़बर दुश्मनों तक पहुंचा दी। इस दलेराना और बहादुराना उत्तर का असर

कुफ़्फ़ार के लश्कर पर इतना गहरा पड़ा कि बावजूद उसके कि उनकी उम्मीदें इस उत्तर से ख़ाक में मिल गईं और बावजूद उसके कि उनके सामने मुट्ठी भर घायल मुस्लमान खड़े हुए थे जिन पर हमला करके उनको मार देना माद्दी क़वानीन के लिहाज़ से बिल्कुल असंभव था वह दुबारा हमला करने का साहस नहीं कर सके और जिस क़दर फ़तह उनको नसीब हुई थी उसी की ख़ुशियां मनाते हुए मक्का को वापस चले गए।"

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम भाग 20 पृष्ठ 252-253)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुख़्तलिफ़ ज़ावियों से इस वाक़िया को मुख़्तलिफ़ जगह वर्णन फ़रमाया है जो इन शा अल्लाह आइन्दा भी वर्णन करूँगा।

इस वक़्त जैसा कि मैं उमूमन दुआ के लिए कहता हूँ।

फ़लस्तीनियों के उमूमी हालात के लिए दुआएं जारी रखें। सुना है कि शायद ग़ज़ा में तो जंग बंदी की कोशिश हो रही है। शायद इज़राइल हुकूमत भी कुछ हद तक मान जाए लेकिन लुबनान की सरहद के साथ जंग भड़कने की संभावना ज़्यादा बढ़ रही है और इस का असर जो है फिर वैस्ट बंक के फ़लस्तीनियों पर भी होगा। मग़रिबी हुकूमतों में इन्साफ़ का कोई नाम-ओ-निशान ही नहीं। अब तो उनके अपने लिखने वाले मज़ीद खुल कर लिखने लग गए हैं कि ज़ुलम की इंतेहा हो रही है। अमरीका के लीडर सिर्फ अपनी मईशत बेहतर करने के लिए इन जंगों को हवा दे रहे हैं और इसी वजह से उनकी आमद बढ़ रही है क्योंकि उनके असलाह के कारख़ाने ज़्यादा पैदावार दे रहे हैं। अब तो उनके अपने तजज़िया निगार भी यही कह रहे हैं कि अमरीका अपनी इकॉनोमी को बेहतर करने के लिए इस जंग को तूल देने की कोशिश कर रहा है और दुनिया में फ़साद फैला रहा है। यह नहीं जानते कि ख़ुदा तआला की पकड़ से ये लोग बच नहीं सकते।

अहमदी बहरहाल अपनी दुआओं और संपर्कों से तबाही से बचने के लिए अपना किरदार अदा करें।

पिछले दिनों यह ख़बर भी थी कि यू उन की मदद करने वाली जो एजैंसी है अमरीका और यू.के इत्यादि ने उन्हें माली मदद देना बंद कर दिया है। इंकार कर दिया है कि उनके ग्यारह या बारह लोग हम्मास के साथ मिले हुए थे उसकी वजह से यह ज़ुलम कि फ़लस्तीनियों की मदद न करो। यह इसलिए है कि उनको मजबूर किया जाए और कुछ भी नहीं। लेकिन हैरत इस बात पर है कि अगर मग़रिबी मुल्कों ने मदद बंद की है तो यह कोई ख़बर नहीं आरही कि तेल की दौलत रखने वाले मुस्लमान देशों ने यह ऐलान क्यों नहीं किया कि हम यह मदद करेंगे क्योंकि यो एन ओ जैसे ने तो ऐलान किया है कि अगर मदद नहीं मिली तो फ़रवरी के बाद हम कोई aid नहीं पहुंचा सकते।

बहरहाल अल्लाह तआला इन मुस्लमान मुल्कों को भी अपना किरदार अदा करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और दुनिया का फ़साद भी ख़त्म हो।

अब ईरान के साथ भी जंग का ख़तरा बढ़ रहा है। इसी तरह यमन के अहमदियों के लिए भी दुआ करें।

एक हमारे मुख़लिस अहमदी की वहां क़ैद या नज़रबंदी के दौरान इलाज सही न होने की सूरत में वफ़ात भी हुई है। तफ़सीलात तो मुश्किल से ही मिलती हैं। बहरहाल उन लोगों के लिए दुआ करें जो मुश्किलात में गिरफ़्तार हैं। मज़ीद तफ़सीलात मिलने पर इन शा अल्लाह मरहूम का फिर जनाज़ा भी पढ़ाऊंगा।

पाकिस्तान के अहमदियों के लिए भी दुआ करें। अपने सयासी मुफ़ादात के लिए हमेशा अहमदियों को निशाना बनाया जाता है और इसी तरह कुछ शिद्दत-पसंद तन्ज़ीमों से भी जमाअत को ख़तरा है। जमाअत को, अफ़राद-ए-जमात को तो हर जगह दोहरा ख़तरा होता है। एक शहरी होने की हैसियत से और एक अहमदी होने की हैसियत से। रबवाह और बाक़ी शहरों के अहमदियों के लिए दुआ करें। अल्लाह तआला उनको अपनी हिफ़ाज़त में रखे। शरीरों के शर उन पर उलटाए और अल्लाह तआला हर मुल्क में अहमदियों की हिफ़ाज़त फ़रमाए। और यह दुनिया इस हक़ीक़त को पहचान ले कि अल्लाह तआला की तरफ़ रुजू किए बग़ैर उनके लिए कोई रास्ता बाक़ी नहीं है। उनकी बक़ा इसी में है कि अल्लाह को पहचानें और अल्लाह के भेजे हुए को मानें। अल्लाह तआला उनको उस की तौफ़ीक़ दे।

★ ★ ★

सदर अंजुमन अहमदिया क़ादियान में ख़िदमत की इच्छा रखने वाले ध्यान दें

"नज़ारत तालीम" के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में पुरुष शिक्षकों की आवश्यकता है

तालीमुल्-इस्लाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फ़िज़िकल एजुकेशन और कंप्यूटर टीचर के कुछ पद भरे जाने हैं। इच्छुक उम्मीदवार जिन के पास सेवा की भावना है और अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता है, वे नज़ारत दीवान द्वारा प्रकाशित जानकारी फॉर्म भर कर अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। रिक्तियां विवरण एवं शर्तें इस प्रकार हैं।

Computer Teacher :

(1)Qualification : BCA/B.Sc(I.T/C.S/internet Science), B.Tech (I.T/C.S)

(2) अभ्यर्थी उर्दू/अंग्रेज़ी/हिन्दी/पंजाबी कम्पोज़िंग जानता हो। (3) प्रासंगिक विषय में स्नातक (B.C.A/ B.Sc,B.Tech) 55% के साथ, और किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में 3 वर्षों का अनुभव, स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी।

Physical Education Teacher

(1) B.A with Physical Education as an Elective subject / 3 year Graduation Course in Physical Education and B.P.Ed

(2) 4 years Integrated Course of Bachelor of Physical Education from a recognised University

(3) संबंधित विषय में 55% अंक और किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में 3 वर्षों का अनुभव। पोस्ट ग्रेजुएट को प्राथमिकता दी जाएगी। (4) उम्मीदवार की आयु 20 वर्ष से कम नहीं और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। असाधारण मामलों में आयु सीमा में छूट पर विचार किया जा सकता है। (5) केवल उन्हीं उम्मीदवारों की सलेक्शन पर ध्यान दिया जाएगा जो मरकज़ी कमेटी बराए भर्ती--कारकुनान की ओर से लिए जाने वाले मौखिक और लिखित साक्षात्कार में सफल होंगे और नूर अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार स्वस्थ होंगे। (6) चयन के मामले में, इच्छुक को क़ादियान में अपने आवास की व्यवस्था स्वंय करनी होगी। (7) साक्षात्कार के लिए क़ादियान को बुलाने के मामले में, परिवहन व्यय उम्मीदवार स्वयं उठाएगा। (8) साक्षात्कार की तारीख बाद में अधिसूचित की जाएगी। (9) मुद्रित सूचना फार्म दफ़्तर दीवान या निम्नलिखित पते / ईमेल द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। (10) आवेदन शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की प्रामाणिकताएं (Self Attested) की हुई प्रतिलिपि यह घोषणा होने के दो महीनो के अंदर-अंदर नज़ारत दीवान पहुंच जानी चाहिए। (11) जीवन निर्वाह भत्ता एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय समय में निम्नलिखित ई-मेल एवं फोन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

ड्राईवर पद की नियुक्ति के लिए सदर अंजुमन अहमदिया क़ादियान की ओर से घोषणा

(1) अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से ज़ायद और 18 वर्ष से कम न हो। (2) अभ्यर्थी कम से कम आठवी पास हो। (3) उम्मीदवार के पास कम से कम दस वर्षों का वैध ड्राइविंग लाइसेंस और दस वर्षों का ड्राइविंग अनुभव होना चाहिए। ट्रेंड ड्राइवरों को प्राथमिकता दी जाएगी। (4) अभ्यर्थी चालक को द्वितीय श्रेणी के बराबर भत्ता एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। (5) अभ्यर्थी को नूर हस्पताल से मेडिकल जांच क़ुरआन होगी । वही अभ्यर्थी ख़िदमत के योग्य होंगे जो नूर हस्पताल के तिब्बी बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक़ सेहतमंद और तंदरुस्त होंगे। (7) स्लैक्शन की सूरत में अभ्यर्थी को क़ादियान में अपनी रिहायश का इंतेज़ाम स्वयं करना होगा। (8) क़ादियान आने जाने का सफ़र ख़र्च अभ्यर्थी के अपने ज़िम्मा होंगा।

(नोट : लिखित परीक्षा, ड्राइविंग टेस्ट और इंटरव्यू की तिथि से अभ्यर्थी को बाद में अवगत किया जाएगा।)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

नज़ारत दीवान सदर अंजुमन अहमदिया क़ादियान पिन कोड 143516

मोबाइल : 09682627592, 09682587713,

दफ़्तर01872-501130 E-Mail: diwan@qadian.in

★ ★ ★

ख़ुत्बः जुमअः

जब उस पवित्र व्यक्ति के कानों में आवाज़ पड़ी اُعْلُ هُبَلْ۔ اُعْلُ هُبَلْ, हुबल की शान बुलंद हो, हुबल की शान बुलंद तो उसकी एकेश्वरवाद की भावना ने जोश मारा क्योंकि अब मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का प्रश्न नहीं था अब अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का प्रश्न नहीं था। अब अल्लाह तआला की इज़्ज़त का प्रश्न था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बड़े जोश से फ़रमाया तुम क्यों उत्तर नहीं देते। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! हम क्या उत्तर दें? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कहो अल्लाहु अज़्ज़ा वज्जल्ला। अल्लाहु अज़्ज़ा वज्जल्ला। हुबल क्या चीज़ है ख़ुदा तआला की शान बुलंद है ख़ुदा तआला की शान बुलंद है

हज़रत सईद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो ने शहादत से क़बल फ़रमाया मेरे भाई मुस्लमानों को मेरा सलाम पहुंचा देना और मेरी क़ौम और मेरे रिश्तेदारों से कहना कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमारे पास ख़ुदा तआला की एक बेहतरीन अमानत हैं और हम अपनी जानों से इस अमानत की हिफ़ाज़त करते रहे हैं। अब हम जाते हैं और इस अमानत की हिफ़ाज़त तुम्हारे सपुर्द करते हैं। ऐसा न हो कि तुम उसकी हिफ़ाज़त में कमज़ोरी दिखाओ

अल्लाह तआला हमारे अंदर भी इश्क़-ए-रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस रूह को पैदा फ़रमाए। और जब यह सोच पैदा होगी तो हम अल्लाह तआला से ताल्लुक़ में भी बढ़ेंगे और अपनी कमज़ोरियों को दूर करने की भी हक़ीक़त में कोशिश करेंगे ताकि हम सही इस्लामी रंग अपनी इबादतों में, अपने अख़लाक़ में, अपनी आदात में पैदा करें। अल्लाह तआला हमें इसकी तौफ़ीक़ अता फ़रमाए

जंग-ए-उहद में सहाबा कराम रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की क़ुर्बानियों और इश्क़-ए-रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमव का ईमान में बढ़ोतरी करने वाला वर्णन

यमन के पहले शहीद अहमदी डाक्टर मंसूर शिबूति साहिब, सलाहुद्दीन मुहम्मद सालेह अब्दुल्क़ादिर साहिब आफ़ कबाबीर और रिहाना फ़र्हत साहिबा आफ़ रब्वाह की विशेषताओं का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 09 फ़रवरी 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

जंग-ए-उहद के हवाले से अबूसुफ़ियान के नारों का वर्णन हो रहा था जिस में वह अपने बुतों की बड़ाई वर्णन कर रहा था और इस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ख़ुदा तआला के लिए का इज़हार था। जैसा कि मैंने कहा था किस तरह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ग़ैरत का इज़हार फ़रमाया और उन हालात में भी अल्लाह का नाम बुलंद करने का नारा लगवाया। इस विषय में मज़ीद हवाले मैं प्रस्तुत करूँगा। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "अहादीस में आता है कि ग़ज़व-ए-उहद में जब अबू सुफ़ियान ने बड़े ज़ोर से कहा कि لَنَا عُزّٰى وَلَا عُزّٰى अर्थात हमारी सहायता में हमारा उज़्ज़ा बुत है परंतु तुम्हारी सहायता में कोई बुत नहीं तो उस वक़्त रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वालही वसल्लम ने मुस्लमानों से फ़रमाया कि तुम कहो لَنَا مَوْلٰى وَلَا مَوْلٰى لَكُمْ हमारा साथी और हमारा सहायक हमारा जीवित और सदैव रहने वाला ख़ुदा है परंतु तुम्हारा कोई साथी और सहायक नहीं।' फ़रमाते हैं कि "यह अंता मौलाना की सच्चाई का कैसा अमली सबूत था कि तलवारों के साया में भी उन्होंने यही कहा कि अल्लाह हमें बचा सकता है।"

(तफ़सीर-ए-कबीर भाग 2 पृष्ठ 660 ऐडीशन 2004 ई.)

फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम एक जगह फ़रमाते हैं कि "जब मुस्लमानों के कानों में यह आवाज़ पड़ी कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम शहीद हो गए हैं तो वे जल्दी-जल्दी वापस लौटे और उन्होंने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ऊपर से लाशों को हटाया। मालूम हुआ कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अभी ज़िंदा हैं और सांस ले रहे हैं। उस वक़्त सबसे पहले आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के कवच का कील निकाला गया। यह कील निकलता नहीं था आख़िर एक सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने दाँतों से निकाला जिसकी वजह से उनके दो दाँत टूट गए। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के मुँह पर पानी छिड़का गया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम होश में आ गए। अक्सर सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो तो तितर्रबितर हो चुके थे सिर्फ़ चंद सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का गिरोह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास था। आपने उनसे फ़रमाया हमें अब पहाड़ के दामन में चले जाना चाहिए। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उनको ले कर एक पहाड़ी के दामन में चले गए और फिर बाक़ी लश्कर भी आहिस्ता-आहिस्ता इकट्ठा होना शुरू हुआ। कुफ़्फ़ार का लश्कर जब वापस जा रहा था तो अबूसुफ़ियान ने बुलंद आवाज़ से रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का नाम लिया और कहा हमने उसे मार दिया है। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने उत्तर देना चाहा परंतु आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनको रोक कर फ़रमाया : यह अवसर नहीं। हमारे आदमी तित्र बित्तर हो चुके हैं कुछ मारे गए हैं और कुछ घायल हैं। हम थोड़े से आदमी यहां हैं और फिर थके-माँदे हैं। कुफ़्फ़ार का लश्कर तीन हज़ार का है और वे बिल्कुल सलामत हैं। ऐसी हालत में उत्तर देना उचित नहीं। वे अगर कहते हैं कि उन्होंने मुझे मार दिया है तो कहने दो। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हिदायत के मुताबिक़ सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ामोश रहे। जब अबूसुफ़ियान को कोई उत्तर नहीं मिला तो उसने कहा हम ने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार दिया है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को फिर उत्तर देने से रोक दिया और फ़रमाया ख़ामोश रहो। वह कहता है तो कहने दो इसलिए सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो इस पर भी ख़ामोश रहे। अबूसुफ़ियान को जब फिर कोई उत्तर नहीं मिला तो उसने कहा हमने उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार दिया है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो बड़े तेज़ तबीयत के थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हो बोलने लगे लेकिन रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमने आप को मना कर दिया। बाद में आपने बताया' हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने बाद में यह कहा "कि मैं कहने लगा था कि तुम कहते हो हमने उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को मार दिया है हालाँकि उमर रज़ियल्लाहु अन्हो अब भी तुम्हारा सिर तोड़ने के लिए मौजूद है। बहरहाल रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको भी उत्तर देने से मना कर दिया। जब अबूसुफ़ियान ने देखा कि कोई उत्तर नहीं आया तो उसने नारा मारा। اُعْلُ هُبَلْ۔ اُعْلُ هُبَلْ अर्थात हुबल देवता जिसे अबू सुफ़ियान बड़ा समझता था उसकी शान बुलंद हो। हुबल की शान बुलंद हो।

(अर्थात आख़िर हमारे हुबल ने मुहम्मद (सल्लल्लाहो वसल्लम) और इस के साथियों को मार ही दिया। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को चूँकि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बोलने और उत्तर देने से मना फ़रमाया था इसलिए वह अब भी ख़ामोश रहे परंतु ख़ुदा का वह रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जिसने अपनी मौत की ख़बर सुनकर कहा था ख़ामोश रहो उत्तर मत दो। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की मौत की ख़बर सुन कर कहा था ख़ामोश रहो उत्तर मत दो। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की मौत की ख़बर सुनकर कहा था ख़ामोश रहो उत्तर मत दो और जो बार-बार कहता था कि इस वक़्त हमारा लश्कर बिखरा हुआ है और ख़तरा है कि दुश्मन फिर हमला न कर दे इस लिए ख़ामोशी के साथ उसकी बातें सुनते चले जाओ।

उस मुक़द्दस इंसान सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कानों में जब आवाज़ पड़ी اُعْلُ هُبَلْ۔ اُعْلُ هُبَلْ۔ हुबल की शान बुलंद हो, हुबल की शान बुलंद हो तो उसके एकेश्वरवाद की भावना ने जोश मारा क्योंकि अब मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का प्रश्न नहीं था अब अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का प्रश्न नहीं था। अब अल्लाह तआला की इज़्ज़त का प्रश्न था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बड़े जोश से फ़रमाया तुम क्यों उत्तर नहीं देते। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ क्या हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! हम क्या उत्तर दें? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कहो अल्लाहु अज़्ज़वज्जल्लाह। अल्लाहु अज़्ज़वज्जल्लाह। हुबल क्या चीज़ है ख़ुदा तआला की शान बुलंद है ख़ुदा तआला की शान बुलंद है। यह कितना शानदार मुज़ाहरा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के एकेश्वरवाद की भावना का है।

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने तीन दफ़ा सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को उत्तर देने से रोका जिससे मालूम होता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को ख़तरा की एहमियत का पूरा एहसास था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम जानते थे कि इस्लामी लश्कर तित्र बित्तर हो गया है और बहुत कम लोग आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ हैं। अक्सर सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो घायल हो गए हैं और बाक़ी थके हुए हैं। अगर दुश्मन को यह मालूम हो गया कि इस्लामी लश्कर का एक हिस्सा जमा है तो वह कहीं फिर हमला करने की जुर्रत न करे। परंतु इन हालात के बावजूद जब ख़ुदा तआला की इज़्ज़त का प्रश्न आया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ख़ामोश रहना बर्दाश्त नहीं किया और समझा कि दुश्मन को ख़ाह पता लगे या न लगे। ख़ाह वह हमला करे और हमें हलाक कर दे अब हम ख़ामोश नहीं रहेंगे। इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया तुम ख़ामोश क्यों हो? उत्तर क्यों नहीं देते कि अल्लाहु अज़्ज़वज्जल्लाह। अल्लाहु अज़्ज़वज्जल्लाह ।" (तफ़सीर-ए-कबीर जल्द 10 पृष्ठ 342 – 341 ऐडीशन 2004 ई.) यह सारा वर्णन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सूरत कौसर की तफ़सीर में वर्णन फ़रमाया है। इसकी तफ़सील अगर पढ़नी है तो तफ़सीर-ए-कबीर में से पढ़ें। और भी बहुत सारी बातें इलम में इज़ाफ़े के लिए वहां से मिल जाएँगी।

फिर एक जगह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं कि "मक्का के जिन बड़े सहाबा ने मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मारना चाहा क्या आज दुनिया में इन लोगों का कोई नाम-लेवा है? उहद के स्थान पर अबूसुफ़ियान ने आवाज़ दी थी और कहा था क्या तुम में मुहम्मद (सल्लल्लाहो वसल्लम) है? और जब उस का उत्तर नहीं मिला तो उसने कहा हम ने मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को मार डाला है। फिर उसने आवाज़ दी। क्या तुम में अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो है? और जब उस का भी उत्तर न मिला तो उसने कहा हमने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार डाला है। फिर उसने पूछा क्या तुम में उमर रज़ियल्लाहु अन्हो है? जब उस का भी उत्तर न मिला तो उसने कहा हमने उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को भी मार डाला है (बुख़ारी)। किताब अल्-मग़ाज़ी। बाब ग़ज़व-ए-उहुद लेकिन आज जाओ और दुनिया के किनारों पर इस आवाज़ देने वाले के हमनवा कुफ़्फ़ार के सरदार अबु-जहल को बुलाओ और आवाज़ दो कि क्या तुम में अबु-जहल है? तो तुम देखोगे कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के नाम पर तो करोड़ों आवाज़ें बुलंद होना शुरू हो जाएंगी और सारी दुनिया बोल उठेगी कि हाँ मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम में मौजूद हैं क्योंकि आपकी नुमाइंदगी का शरफ़ हमें हासिल है। लेकिन अबुजहल को बुलाने पर तुम्हें किसी कोने से भी आवाज़ उठती सुनाई नहीं देगी। अबु-जहल की औलाद आज भी दुनिया में मौजूद है परंतु किसी को साहस नहीं कि वह यह कह सके कि मैं अबु-जहल की औलाद में से हूँ। शायद उत्बा् और शीबा की औलाद भी आज दुनिया में मौजूद हो परंतु क्या कोई कहता है कि मैं उत्बा् और शीबा की औलाद हूँ ।"(तफ़सीर-ए-कबीर भाग 2 पृष्ठ 291-290 ऐडीशन 2004ई.)

अतः रसूले पाक सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का नाम ही है जो अल्लाह तआला ने बुलंद किया और बुलंद रखा।

फिर इस बारे में हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम वर्णन फ़रमाते हैं कि "नबियों पर जो मसायब आते हैं उनमें भी अल्लाह तआला के हज़ारों इसरार होते हैं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर बहुत से मसायब आते थे। जंग-ए-उहद में एक रिवायत है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सत्तर तलवारों के घाव लगे थे और मुस्लमानों की ज़ाहिरी हालत ख़राब देखकर कुफ़्फ़ार को बड़ी ख़ुशी हुई। इसलिए एक काफ़िर ने यह यक़ीन करके कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अस्हाब किबार सब शहीद हो गए होंगे ब-आवाज़-ए-बुलंद पुकार कर कहा कि क्या मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) तुम में है? आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कहा कि ख़ामोश रहो। इस का उत्तर न दो। ख़ामोशी से उसे ख़ुशी हुई कि फ़ौत हो गए होंगे इस वास्ते उत्तर नहीं आया। फिर इसी तरह उसने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के विषय में आवाज़ दिया। तब भी इधर से ख़ामोशी इख़तेयार की। फिर उसने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के विषय में आवाज़ दिया। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से न रहा गया। उन्होंने कहा कम्बख़्त क्या बकता है। सब ज़िंदा हैं। ऐसी तल्ख़ियों का देखना भी ज़रूरी होता है परंतु उनका नतीजा यह होता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अब उसके बाद कुफ़्फ़ार हम पर चढ़ाई न करेंगे ये ग़ालिबन ग़ज़व-ए-ख़ंदक़ के बाद आपने फ़रमाया था। उहद के बाद फिर ग़ज़व-ए-ख़ंदक़ हुई। यह मल्फ़ूज़ात का क्योंकि हवाला है, हो सकता है लिखने वाले से रह गया हो तो यह ग़ज़वा ख़ंदक़ के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया था कि अब उस के बाद कुफ़्फ़ार हम पर चढ़ाई नहीं करेंगे "बल्कि हम कुफ़्फ़ार पर चढ़ाई करेंगे। मक्का से निकलने के वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर कैसी तल्ख़ी का वक़्त था (मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 267-266 ऐडीशन 2022 ई.) लेकिन अब अल्लाह तआला ने हालात बदल दिए हैं।

हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो की शहादत की घटना

वर्णन होता है। इसी जंग में एक और सहाबी की जाँनिसारी, बहादुरी और नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत में अपनी जान तक क़ुर्बान कर देने का वाक़िया मिलता है। यह वह सहाबी थे कि उनकी पत्नी बताती हैं कि मेरे शौहर को जब पता चला कि नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जंग के लिए रवाना हो गए हैं तो मेरे पति पर ग़ुस्ल-ए-जनाबत फ़र्ज़ था लेकिन नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जाने की ख़बर सुनकर इतनी जल्दी और बे-ताबी से घर से निकले हैं कि ग़ुसल करना भी ज़रूरी नहीं समझा और तलवार लेकर मैदान-ए-जंग की तरफ़ चल पड़े। जंग के दौरान वह एक दफ़ा कुफ़्फ़ार के सिपहसालार अबूसुफ़ियान के सामने पहुंच गए। अबूसुफ़ियान घोड़े पर था। हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो ने उस के घोड़े पर वार करके उसे घायल कर दिया जिसके नतीजा में घोड़े ने अबू सुफ़ियान को नीचे गिरा दिया। अबू-सुफ़ियान नीचे गिरते ही चिल्लाने लगा। उधर हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़ौरन तलवार बुलंद करके अबू-सुफ़ियान को ज़बह करने का इरादा किया परंतु उसी वक़्त शद्दाद बिन ओस की उन पर नज़र पड़ी। एक कथन के मुताबिक़ सही नाम शद्दाद बिन ओस है। उद्देश्य शद्दाद ने हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो को अबूसुफ़ियान पर तलवार बुलंद करते देखा तो उसने जल्दी से हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो पर तलवार का वार करके उन्हें शहीद कर दिया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो के क़तल पर फ़रमाया कि तुम्हारे साथी अर्थात हंज़ला को फ़रिश्ते ग़ुसल दे रहे हैं। एक रिवायत में है कि

मैं फ़रिश्तों को देख रहा हूँ कि वे आसमान और ज़मीन के दरमयान चांदी के बर्तनों में साफ़-शफ़्फ़ाफ़ पानी लिए हंज़ला को ग़ुसल दे रहे हैं।

हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो की पत्नी का नाम जमीला था और यह सरदार-ए-मुनाफ़ेक़ीन अब्दुल्लाह बिन उबय्य बिन सलूल की बेटी और हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल की बहन थीं। हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ने कहा वह अर्थात हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो जनाबत की हालत में ही मैदान-ए-जंग में आ गए थे अर्थात उनको ग़ुसल करने की ज़रूरत थी। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा की आवाज़ सुनकर फ़रमाया "इसी लिए फ़रिश्ते उनको ग़ुसल दे रहे थे।" हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो की हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ शादी की यह पहली रात थी जिसकी सुबह को जंग-ए-उहद हुई।

एक रिवायत में है कि हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन किया कि जब हंज़ला ने दुश्मन के मुक़ाबले के लिए कूच का ऐलान सुना तो फ़ौरन बग़ैर ग़ुसल किए

निकल खड़े हुए। उसी रात में हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ने ख़ाब देखा कि अचानक आसमान में एक दरवाज़ा खुला और उनके शौहर हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो उस दरवाज़े में दाख़िल हुए। इस के बाद फ़ौरन ही वह दरवाज़ा बंद हो गया। एक रिवायत में है कि हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ने अपनी क़ौम की चार औरतों को इस बात का गवाह बनाया था कि हंज़ला मेरे साथ हमबिस्तरी कर चुके हैं। उनको ऐसा इसलिए करना पड़ा कि उनके हमल के सिलसिला में लोगों को शुबहात न पैदा हों। शकूक-ओ-शुबहात भी लोग पैदा करते हैं। बातें भी बनाते हैं। आजकल भी ऐसे लोग हैं जो इल्ज़ाम तराशियाँ करते हैं। बहरहाल हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ने ख़ुद इस संदेह को दूर करने के लिए गवाह बना लिए। हज़रत जमीला रज़ियल्लाहु अन्हा ख़ूद कहती हैं कि ऐसा इसलिए किया कि मैंने ख़ाब में देखा था कि आसमान में एक दरवाज़ा खुला जिसमें वह दाख़िल हो गए और दरवाज़ा बंद हो गया। इसलिए मैं समझ गई कि हंज़ला का वक़्त आ चुका है और मैं उनके ज़रीया उस रात हामिला हो गई थी। इस हमल से अब्दुल्लाह बिन हंज़ला पैदा हुए। क़ुरैश ने हज़रत हन्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हो को क़तल करने के बाद उनकी लाश का मुस्ला नहीं किया था अर्थात कान नाक आँख नहीं काटे थे क्योंकि उनका बाप अबू आमिर राहिब क़ुरैश के साथ था।

(उद्धारित अल् सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 328- 327 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

हज़रत साद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो की शहादत का वाक़िया भी है। हज़रत साद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो ग़ज़वा बदर और उहद में शामिल हुए और ग़ज़वा उहद में शहीद हुए। ग़ज़वा उहद के दिन रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। मेरे पास साद बिन रबी की ख़बर कौन लाएगा? एक शख़्स ने अर्ज़ किया कि मैं। इसलिए वह मक़्तूलीन में जा कर तलाश करने लगा। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उस शख़्स को देखकर कहा तुम्हारा क्या हाल है? उसने कहा कि मुझे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भेजा है ताकि मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास तुम्हारी ख़बर लेकर जाऊं।

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में मेरा सलाम अर्ज़ करना और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ये ख़बर देना कि मुझे नेज़े के बारह घाव आए हैं और मेरे से लड़ने वाले दोज़ख़ में पहुंच गए हैं अर्थात जिसने भी मेरे साथ लड़ाई की उसको मैंने मार दिया। और मेरी क़ौम को यह कहना कि उनके लिए अल्लाह तआला के हुज़ूर कोई बहाना नहीं होगा अगर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम शहीद हो जाएं और तुम लोगों में से कोई एक भी ज़िंदह रहा।

वर्णन किया जाता है कि जो शख़्स उनके पास गया था वह हज़रत उबेबन काब रज़ियल्लाहु अन्हो थे। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उबेबन काब रज़ियल्लाहु अन्हो से कहा। अपनी क़ौम से कहना कि तुमसे साद बिन रबी कहता है कि अल्लाह से डरो। एक और रिवायत भी है कि और जो वादा तुम लोगों ने उक़बा की रात रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से किया था उसको याद करो। अल्लाह की क़सम अल्लाह के हुज़ूर तुम्हारे लिए कोई बहाना नहीं होगा अगर कुफ़्फ़ार तुम्हारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ पहुंच गए और तुम में से कोई एक आँख हरकत कर रही हो अर्थात कोई शख़्स भी ज़िंदा बाक़ी रहे।

अर्थात तुम्हें अपनी जानें अल्लाह तआला के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और उस के दीन के लिए क़ुर्बान कर देनी हैं। यह भावना थी सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का कि मरते वक़्त भी फ़िक्र थी कि केवल रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त हमने करनी है। हज़रत उबे बिन काब रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि मैं अभी वहीं था अर्थात हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो के पास ही था कि हज़रत साद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात हो गई। उस वक़्त वे ज़ख़्मों से चूर थे। मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में वापस हाज़िर हुआ और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सब बता दिया कि यह गुफ़्तगु हुई थी। यह उन की हालत थी और इस तरह वह शहीद हो गए इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। अल्लाह तआला उस पर रहम फ़रमाए। वह ज़िंदगी में भी और मौत के बाद भी अल्लाह और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ख़ैर-ख़्वाह रहा।

हज़रत साद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ख़ारिजा बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हो को एक ही क़ब्र में दफ़न किया गया।

(अल् तब्क़ातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 396 दारुल कुतुब बेरूत)

(अल् इस्तेआब भाग 2 पृष्ठ 591-590 दारुल जील बेरूत)

(ओसोदुल गाबा भाग 2 पृष्ठ 433 दारुल कुतुब बेरूत)

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो की शहादत को वर्णन करते हुए इस वाक़िया को हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस तरह लिखा है कि "आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी मैदान में उतर आए हुए थे और शुहदा की नाशों की देख-भाल शुरू थी। जो नज़ारा उस वक़्त अर्थात जब जंग ख़त्म हो गई "मुस्लमानों के सामने था वह ख़ून के आँसू रुलाने वाला था।" आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम घायल भी थे लेकिन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फिर भी मैदान में आ गए। शुहदा की नाशों की देख-भाल शुरू हुई। फिर फ़रमाते हैं कि "सत्तर मुस्लमान मिट्टी और खून में लुथड़े हुए मैदान में पड़े थे और अरब की वहशयाना रस्म मुल्ला का भयंकर नज़ारा पेश कर रहे थे।" उनके अंग काटे गए थे उनकी शक्लों को बिगाड़ा गया था। "इन मक़्तूलीन में सिर्फ छः मुहाजिर थे और बाक़ी सब अंसार से संबंध रखते थे। क़ुरैश के मक़्तूलों की संख्या तेईस थी। जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने चचा और रज़ाई भाई हमज़ा बिन अब्दुल मुतलिब रज़ियल्लाहु अन्हो की नाश के पास पहुंचे तो बे-ख़ुद हो कर रह गए क्योंकि ज़ालिम हिंद पत्नी अबूसुफ़ियान ने उनकी नाश को बुरी तरह बिगाड़ा हुआ था। थोड़ी देर तक तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ामोशी से खड़े रहे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चेहरा से गम-ओ-गुस्सा के आसार नुमायां थे। एक लम्हा के लिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तबीयत इस तरफ़ भी मायल हुई कि मक्का के इन वहशी दरिंदों के साथ जब तक इंही का सा सुलूक नहीं किया जाएगा वह ग़ालिबन होश में नहीं आएँगे।' उनको सबक़ नहीं मिलेगा। "मगर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम इस ख़्याल से रुक गए और सब्र किया बल्कि उसके बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुस्ला की रस्म को शक्लों को बिगाड़ने वाली जो रस्म थी, अंग काटने वाली रस्म उसको "इस्लाम में हमेशा के लिए मना क़रार दे दिया और फ़रमाया कि दुश्मन ख़ाह कुछ करे तुम इस किस्म के वहशयाना तरीक़ से बहर-ए-हाल बाज़ रहो और नेकी और एहसान का तरीक़ इख़्तेयार करो।" फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम लिखते हैं कि "..क़ुरैश ने दूसरे सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की नाशों के साथ भी कम-ओ-बेश यही वहशयाना सुलूक किया था। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फूफीज़ाद भाई अब्दुल्लाह बिन जहश रज़ियल्लाहु अन्हो की नाश को भी बुरी तरह बिगाड़ा गया था। जूँ-जूँ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक नाश से हट कर दूसरी नाश की तरफ़ जाते थे आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के चेहरा पर ग़म कष्ट के निशान अधिक थे।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहब एम.ए रज़ियल्लाहु पृष्ठ 500)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन शुहदा और उनकी क़ुर्बानियों का वर्णन करते हुए साद बिन रबी अनसारी रज़ियल्लाहु अन्हो रईस अंसार के बारे में उनकी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इशक़-ओ-मुहब्बत का वर्णन करते हुए यूं वर्णन फ़रमाया है कि "जंग-ए-उहद का एक वाक़िया है। जंग के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उबय बिन काब रज़ियल्लाहु अन्हो को फ़रमाया कि जाओ और ज़ख़मियों को देखो। वह देखते हुए हज़रत साद बिन रबी रज़ियल्लाहु अन्हो के पास पहुंचे जो सख़्त घायल थे और आख़िरी सांस ले रहे थे। उन्होंने उनसे कहा कि अपने करेबियों और रिश्तेदारों को अगर कोई संदेश देना हो तो मुझे देदो। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं मुंतज़िर ही था कि कोई मुस्लमान इधर आए तो संदेश दूं। तुम मेरे हाथ में हाथ देकर वादा करो कि मेरा पैग़ाम ज़रूर पहुंचाओ गे।" अब इस हालत में भी इतनी होश थी कि कहा मेरे हाथ में हाथ दो। पक्का वादा होने का यह एक तरीक़ है, एक इज़हार है कि मेरा पैग़ाम ज़रूर पहुंचा दोगे। "और इस के बाद उन्होंने जो पैग़ाम दिया था वह यह था कि :

मेरे भाई मुस्लमानों को मेरा सलाम पहुंचा देना और मेरी क़ौम और मेरे रिश्तेदारों से कहना कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमारे पास ख़ुदा तआला की एक बेहतरीन अमानत हैं। और हम अपनी जानों से इस अमानत की हिफ़ाज़त करते रहे हैं। अब हम जाते हैं और इस अमानत की हिफ़ाज़त तुम्हारे सपुर्द करते हैं। ऐसा न हो कि तुम उस की हिफ़ाज़त में कमज़ोरी दिखाओ।"

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "देखो ऐसे वक़्त जब इन्सान समझता हो कि मैं मर रहा हूँ। क्या-क्या ख़्यालात उस के दिल में आते हैं। वह सोचता है मेरी पत्नी का क्या हाल होगा। मेरे बच्चों को कौन पूछेगा परंतु इस सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हो ने कोई ऐसा पैग़ाम नहीं दिया। सिर्फ यही कहा कि हम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त करते हुए इस दुनिया से जाते हैं तुम भी इसी रास्ता से हमारे पीछे आ जाओ। इन लोगों के अंदर यही ईमान की ताक़त थी जिससे उन्होंने दुनिया को ऊपर नीचे कर दिया और क़ैसरो किसरा की सल्तनतों के तख़्ते उलट दिए। केसर-ए-रुम हैरान था कि ये कौन लोग हैं। किसरा ने अपने सिपहसालार को लिखा कि अगर तुम इन अरबों को भी शिकस्त नहीं दे सकते तो फिर वापस आ जाओ और

घर में चूड़ियां पहन कर बैठो।"अर्थात औरतों की तरह फिर घर में बैठो। लड़ाई करने क्यों जाते हो? इस ने अर्थात बादशाह ने अपने जरनैल को यह कहा कि यह गाहें खाने वाले लोग हैं इन को भी तुम नहीं रोक सकते।' हक़ीर घटिया ग़िज़ा खाने वाले लोग हैं। "उसने उत्तर दिया कि यह तो आदमी मालूम ही नहीं होते।' कमांडर ने कहा कि यह तो आदमी नहीं मालूम होते "ये तो कोई बड़ी ताकत हैं। ये तलवारों और नेज़ों के ऊपर से कूदते हुए आते हैं।"

(तफ़सीर-ए-कबीर भाग 7 पृष्ठ 338 -ऐडीशन-2004ई.)

इस वाक़िया को एक और रंग में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस तरह वर्णन किया है कि "उहद की जंग जब ख़त्म हुई तो रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक सहाबी को ज़ख़मियों की देख-भाल के लिए रवाना किया। उन्होंने एक अंसारी सहाबी को देखा कि वह सख़्त नाज़ुक हालत में हैं। वह उसके क़रीब गए और उससे कहा कि भाई कोई तुम्हारा पैग़ाम हो तो मुझे बता दो। मैं तुम्हारे अज़ीज़ों और रिश्तेदारों तक पहुंचा दूँगा। उसने कहा कि मैं इसी तलाश में था कि मुझे कोई मदीने वाला मिले और मैं उस के माध्यम से अपने रिश्तेदारों को एक पैग़ाम भिजवाऊँ। अच्छा हुआ कि तुम मुझे मिल गए। लाओ अपना हाथ मेरे हाथ में दो और वादा करो कि मेरा पैग़ाम मेरे ख़ानदान तक पहुंचा दोगे। उन्होंने हाथ में हाथ रखकर इक़रार किया कि मैं तुम्हारा पैग़ाम ज़रूर पहुंचा दूँगा। इस पर इन घायल सहाबी ने कहा :

मेरे अज़ीज़ों और रिश्तेदारों और भाई दोस्तों को जा कर कह देना कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमारी क़ौम का बेहतरीन ख़ज़ाना हैं और यह एक क़ौमी अमानत हैं जो हमारे पास है। मुझे यक़ीन है कि तुम्हारे दिल में भी इस क़ीमती मता की सही क़दर-ओ-क़ीमत का एहसास होगा जबकि मैं भी अपना फ़र्ज़ समझता हूँ कि यह पैग़ाम तुम्हें पहुंचा दूं कि जब तक हम ज़िंदा रहे हमने इस अमानत में ख़ियानत नहीं होने दी और इसकी हिफ़ाज़त में अपना पूरा ज़ोर सिर्फ कर दिया। अब हम मरने लगे हैं और अपने पीछे इस अमानत को छोड़े जा रहे हैं। मैं अपने समस्त बेटों, भाईयों और उनकी औलाद से यह उम्मीद करता हूँ कि वह अपनी जान से भी ज़्यादा इस मुक़द्दस अमानत की हिफ़ाज़त करेंगे और इस में किसी किस्म की कोताही वाक़्य नहीं होने देंगे।

(तफ़सीर-ए-कबीर बहग 10 पृष्ठ 185 ऐडीशन-2004 ई.)

एक और जगह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसको इस तरह वर्णन फ़रमाया है कि "एक अंसारी रईस घायल पड़े थे और उनकी हालत ऐसी थी कि चंद मिनट में ही फ़ौत होने वाले थे। एक सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हो देखते देखते उनके पास पहुंचे और बैठ गए। हाल दरयाफ़त किया और कहा कोई पैग़ाम अपने पत्नी बच्चों और रिश्तेदारों को देना हो तो दे दो। उन्होंने कहा कि हाँ मैं इसी इंतेज़ार में था कि कोई मुस्लमान मिले तो उसके हाथ पैग़ाम भेजूँ। "आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं कि "हर शख़्स जानता है कि मौत का वक़्त घर में भी कैसा सख़्त होता है।' इन्सान मर रहा हो चाहे घर में भी हो बड़ा सख़्त वक़्त होता है। "मरने वाले की यही ख़ाहिश होती है कि चंद मिनट भी और मिल जाएं तो पत्नी बच्चों और बहन भाईयों से कोई और बात कर लूं। उनके लिए कोई वसीयत कर जाऊं लेकिन वह सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हो पत्नी बच्चों के पास नहीं थे। घर में नहीं पड़े थे। किसी हस्पताल में नरम बिस्तर पर नहीं लेटे थे बल्कि पथरीली ज़मीन पर पड़े थे परंतु ऐसी हालत में भी उन्होंने यह पैग़ाम नहीं दिया कि मेरी पत्नी को सलाम देना और उसे कहना कि बच्चों की अच्छी तरह परवरिश करे या यह कि मेरी जायदाद इस रंग में तक़सीम हो या अमुक अमुक जगह मेरा माल है वह ले लिया जाए" (रईस थे नाँ) "बल्कि कहा तो यह कहा कि मेरे बच्चों और भाईयों को मेरी तरफ़ से यह संदेश देना कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तुम्हारे पास ख़ुदा तआला की क़ीमती अमानत हैं। मैंने जब तक जान में जान थी उसे क़ुर्बान करके भी इस अमानत की हिफ़ाज़त की और अब अपने अज़ीज़ भाईयों और बच्चों को मेरी आख़िरी वक़्त की यह वसीयत है कि वह भी अपनी जानों के साथ इस अमानत की हिफ़ाज़त करें और यह कह कर दम तोड़ दिया।"

(ख़ुतबात-ए-महमूद भाग 23 पृष्ठ 46 – 45 ख़ुत्बा जुमा वर्णन फ़र्मूदा 30 जनवरी-1942 ई.)

ऐसे ऐसे इश्क़-ए-रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इज़हार हैं कि इन्सान हैरान होता है।

अल्लाह तआला हमारे अंदर भी इशक़ रसूल की इस रूह को पैदा फ़रमाए और जब यह सोच पैदा होगी तो हम अल्लाह तआला से ताल्लुक़ में भी बढ़ेंगे और अपनी कमज़ोरियों को दूर करने की भी हक़ीक़त में कोशिश करेंगे ताकि हम सही इस्लामी रंग अपनी इबादतों में, अपने अख़लाक़ में, अपनी आदात में पैदा करें। अल्लाह तआला हमें उस की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए

अब कुछ मरहूमीन का वर्णन है। उनके जनाज़े में पढ़ाऊंगा। पहला श्रीमान डाक्टर मंसूर शिबूती आफ़ यमन का है। मंसूर शिबूती साहिब यमन में असीराने राहे मौला थे। अहमदियत की वजह से उनको वहां पकड़ा गया और कैद के दौरान ही 26 जनवरी को तरेसठ वर्ष की उम्र में उनकी वफ़ात हुई। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। इस लिहाज़ से क्योंकि यह असीरी में थे और अहमदियत की वजह से उनको असीर किया गया और वहां सही ईलाज भी मयस्सर नहीं आया, कुछ ग़लत सुलूक भी उनसे हुआ होगा। बहरहाल जो भी तफ़सीलात हैं वह कम हैं या ज़्यादा, उनकी वहां असीरी में वफ़ात हुई है इसलिए यह शहीद ही कहलाएँगे और इस लिहाज़ से यह यमन के पहले अहमदी शहीद हैं।

मरहूम ने पीछे रहने वालों में बूढ़ी माता और पत्नी के अतिरिक्त दो बेटे एमन और बिलाल छोड़े हैं। मरहूम के भाई नासिर शिबूती हैं जो यहां लंदन में रहते हैं। यह कहते हैं कि उनकी मय्यत यक्म फरवरी को उनके बेटे के हवाले की गई लेकिन सब अहमदी चूँकि क़ैद में हैं। वहां उन्होंने तक़रीबन समस्त अहमदियों को, मर्दों को पकड़ा हुआ है इसलिए ग़ैर अहमदी अहबाब ने उनका जनाज़ा पढ़ा और तदफ़ीन हुई। फिर नासिर शिबूती साहिब यह कहते हैं कि उनके दादा अब्दुल्लाह मुहम्मद उसमान शिबूती यमन के पहले यमनी अहमदी थे और डाक्टर मंसूर शिबूती के वालिद महमूद अब्दुल्लाह शिबूती यमन के पहले शाहिद मुरब्बी थे। मरहूम की वालिदा शाहरुख नसरीन साहिबा हैं जो सय्यद बशीर अहमद शाह साहिब रब्वाह और फ़र्ख़ ख़ानम साहिबा रब्वाह की बेटी हैं। फ़र्ख़ ख़ानम साहिबा यह जुनूद ख़ानदान की हैं। उनको अपनी वालिदा हलीमा बानो साहिबा और भाई सय्यद हाजी जुनूदुल्लाह साहिब के साथ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद पर अमल की तौफ़ीक़ मिली कि जब इमाम महदी आए तो उस की बैअत करो जबकि बर्फ़ के ऊपर से रेंग कर जाना पड़े। इसलिए ये लोग काशग़र से बर्फ़ के पहाड़ों पर चल कर कादियान आए और बैअत की। मंसूर शिबूती साहिब की जो वालिदा थीं वह इस ख़ानदान की फ़र्द थीं। उनकी नानी उनमें शामिल थीं जो बर्फ़ पर चल कर आए।

वाक़िया शहादत के बारे में उनके बेटे बिलाल शिबूती ने लिखा है कि सैक्योरिटी फ़ोर्सिज़ हमारे घर में ज़बरदस्ती घुसीं। पिता साहिब को धक्का दिया। उनके सीने पर बंदूक़ रख दी। फिर मुझे और वालिद साहिब को ले जाने लगे तो वालिद साहिब ने कहा कि मुझे बेशक क़तल कर दो परंतु मेरे बेटे को न ले जाओ। जब ग़ैर अहमदियों में जनाज़ा पढ़ा गया तो उनका एक अहमदी बेटा जिसकी सिर्फ सोला साल की उम्र है, वह शामिल हुआ था। और कोई अहमदी मर्द नहीं था। बहरहाल कहते हैं कि उन्होंने वालिद साहिब से पैसे छीन लिए और उन्होंने कहा कि तुम्हें बाहर से कोई पैसे भेजता है। वालिद साहिब ने कहा मुझे कोई बाहर से पैसे नहीं भेजता। मेरी अपनी मेहनत की कमाई है।

यह ग़लतफ़हमी तो हर जगह उल्मा ने, तथाकथित उल्मा ने ग़ैर अहमदियों में पैदा की हुई है कि नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) हम मग़रिबी ताक़तों से पैसे ले के खाते हैं और उनके इस्लाम के ख़िलाफ़ हमारा एजंडा है हालाँकि हर अहमदी तो ख़ुद माली क़ुर्बानी करके इस्लाम के पैग़ाम को दुनिया में पहुंचा रहा है और इन्सानियत की ख़िदमत कर रहा है। बहरहाल इसकी बाक़ी तफ़सील तो लंबी है।

इसके बाद मैं उनकी पत्नी का वर्णन जो उन्होंने पैग़ाम मुझे भेजा, वर्णन कर देता हूँ। यह कहती हैं कि उन्होंने अर्थात क़ैद करने वालों ने मुझे वह जगह दिखाई जहां मेरे मियां को क़ैद में रखा था। उन्होंने बताया कि मेरे मियां अपने कमरे में अक्सर नमाज़ और नवाफ़िल में रोते थे। उन्होंने मज़ीद बताया कि डाक्टर साहिब को इस वजह से क़ैद किया गया था कि कुछ अहमदियों ने इत्तिला दी थी कि डाक्टर साहिब को बर्तानिया से पैसे आते हैं जिन्हें वह यमन में Milita फ़ोर्सिज़ तैयार करने के लिए ख़र्च करते हैं। यूंही झूठे इल्ज़ाम। परंतु तहक़ीक़ से यह बात ग़लत निकली। हम उन्हें रिहा करने ही वाले थे कि परेशानी की वजह से उनकी सेहत ख़राब हो गई। बहरहाल यह उनका वर्णन है जो उन्होंने उनकी पत्नी को कहा। हो सकता है कि हाईकमान का व्यवहार और हो और निचले जो हैं वह और भी ज़्यादा अपनी मनमानियां करने वाले होते हैं और उनकी सख़्ती की वजह से उनकी सेहत पर असर पड़ा हो।

बहरहाल उनके भाई नासिर शिबूती उनकी सीरत वर्णन करते हुए कहते हैं कि हमारे भाई डाक्टर मंसूर शिबूती बहुत मेहरबान और ख़ैर-ख़्वाह भाई थे। पढ़ाई में बहुत होशयार, पूरे देश के पहले दस विद्यार्थियों में से थे जिन्हें गर्वनमैंट की तरफ़ से इनाम भी दिया गया था। नमाज़ पांचों समय और तहज्जुद के पाबंद, फ़ज्र के बाद बाक़ायदगी से तिलावत क़ुरआन करते, चंदों में बड़े बाक़ायदा थे। रिश्तेदारों से पहले दूसरों का

ईलाज करते और मदद करते। मरीज़ों के साथ हमेशा हंसकर बात करते। ग़रीब मरीज़ों से कोई पैसा न लेते। दवाई भी देते और अगर किसी को हस्पताल दाख़िल करने की ज़रूरत होती तो इस में मदद करते। गरीबों के ऑप्रेशन की सूरत में अपनी तनख़्वाह से ऑप्रेशन की फ़ीस छोड़ देते थे। फिर कहते हैं कि हमारे हमसायों में से जब भी कोई बीमार होता तो वह भाई के पास ईलाज के लिए आता। और जब वह दूसरे शहर सिंह में चले गए तो हम-साए बहुत अफ़्सुर्दा हुए। माता पिता के साथ बहुत हुस्न-ए-सुलूक से पेश आते थे। उन्हें हज भी करवाया।

डाक्टर साहिब की वालिदा शाहरुख नसरीन साहिबा कहती हैं कि जब मैं हामिला थी तो मैंने ख़ाब में देखा कि रब्वाह की एक नेक ख़ातून जिसका नाम ज़ैनब था मेरी वालिदा की गोद में उठा कर कहती हैं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम आ रहे हैं। मैं हुज़ूर अलैहिस्सलाम की तलाश में इधर उधर देखती हूँ लेकिन कोई नज़र नहीं आता। इसके बाद आँख खुल गई। डाक्टर साहिब को बचपन से ही तब्लीग़ का शौक़ था। स्कूल में दीनियात के उस्ताद को अहमदियत की तब्लीग़ किया करते थे। उस्ताद भी बग़ैर किसी मुख़ालेफ़त के उनकी बात सुनते थे।

